

दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-14, अंक -18 जबलपुर, शनिवार 15 फरवरी 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, साहित्यकार, विचित्र कुमार सिन्हा की स्मृति में 9 विभूतियों का हुआ सम्मान

# श्री विचित्र कुमार सिन्हा ने देश भक्ति की सीख के साथ ही साहित्य और समाज को बहुत कुछ दिया है- रघु ठाकुर







**नर्मदापुरम।** स्व. श्री विचित्र कुमार सिन्हा देश भक्त थे उन्होंने साहित्य के साथ ही देश भक्ति की जो अलख जगाई है वह अनुकरणीय रही है। साहित्य समाजसेवा, पत्रकारिता के साथ ही श्री सिन्हा कई मामलों में सबसे अलग थे। गुना में जन्में, भोपाल उज्जैन और तत्कालीन होशंगाबाद वर्तमान नर्मदापुरम में उन्होंने राष्ट्र हित समाज हित के कार्य किए। उनके पुत्र के के सक्सनो और पोता विलक्षण सक्सेना के द्वारा समाज को अनुकरणीय सीख दे रहे हैं।

यह बात विशिष्ठ अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजवादी विचारक व राजनेता रघु ठाकुर ने शुक्रवार को नर्मदा महाविद्यालय के आडिटोरिम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लेखक कवि मूर्धन्य पत्रकार समाजसेवी स्व, विचित्र कुमार सिन्हा की स्मृति समारोह को संबोधित करते हुए कही।

श्री ठाकुर ने कहा कि श्री सिन्हा ने नारी शक्तिकरण के क्षेत्र में भी बहुत सराहनीय कार्य किए। उनका चिंतन समाजवाद के इर्द गिर्द रहा है। उनकी बेवाकपन की शक्ति उस समय के साहित्यकारों के लिए प्रेरणा का कार्य करती थी। प्रसिद्ध कवि हरिवंश राय बच्चन के साथ भी उन्होंने कविताएं पढ़ी है। उनके समकालीन कवियों को उनसे बहुत कुछ सीखनों को मिलता था। श्री विचित्र कुमार सिन्हा ने देश भक्ति, साहित्य और समाज को बहुत कुछ दिया है। उनके कार्य किसी एक क्षेत्र में सीमित नहीं थे तभी तो उनका नाम विचित्र कुमार सिन्हा हुआ।

सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि देश को आजाद कराने में स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों का योगदान भुलाया नहीं जा सकता है। हमारे स्व, विचित्र कुमार सिन्हा ने जो देशहित के लिए राष्ट्र भाव जाग्रत किया यह एक मिशाल है। देश को आजाद कराने में श्री सिन्हा जैसे सेनानियों के योगदान का ही परिणाम है कि देश आजाद हो सका। सांसद दर्शन सिंह ने कहा कि राष्ट्रभक्ति किराए का घर नहीं होती, देशहित में मरना पडे तो भी देश भक्ति करने वाले पीछे नहीं हटते हैं।

हमारे विचित्र कुमार सिन्हा जी जो भले ही स्वर्गीय कहला रहे हो लेकिन उन्होंने जो प्रेरणा दी है उनके बताए मार्ग पर हम चल कर देश को नई दिशा दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि शुभ कार्य हो उस कर्म में यदि कोई भी जागृति हमारे इस कार्यक्रम से आयी हो तो मैं इस कार्यक्रम की सफलता मानता हूँ। श्री सिन्हां के उन संकल्पों को आगे बढ़ाने का काम भी करेंगे क्योंकि ये भारत भूमि जिन विपदाओं से गुजरी है उनको याद करके रोंगटे खडे होते हैं। उन्होंने कहा कि देश आजाद 15 अगस्त 1947 को हुआ है। लेकिन गुलाम कब हुआ था इसका जबाब कोई के पास नहीं है। और वो ही गुलामी की ज़ंजीर यदि किसी ने तोड़ी है तो यह विचित्र कुमार सिन्हा के रूप में ऐसे अनेक शहीदों ने जिन्होंने उस स्मृति को वही तो और गुलामी की ज़ंजीरों से मुक्त कराया है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विधायक डॉ सीता सरन शर्मा ने स्व श्री विचित्र कुमार सिन्हा जी की कविता का वाचन किया। उन्होंने कहा कि श्री सिन्हा जी ने जिस निर्भीकता के साथ कविता लिखी वह अपने आप में एक बडा कार्य था। स्वतंत्रता के आंदोलन में हिस्सा लेकर जेल में बंद होकर भी समझौता नहीं किया। डॉ शर्मा ने श्री कृष्ण सरल जी की कविता का भी वाचन किया। उन्होंने समिति के सभी सदस्यों की सराहना की।

## राष्ट्रभक्ति किराये का घर नहीं होती अंदर का ओज है- सांसद दर्शन सिंह चौधरी

## फोल्डर का हुआ विमोचन



नर्मदापुरम। समारोह में जिन विभूतियों का सम्मान किया गया उनके जीवन परिचय के फोल्डर का अतिथियों के द्वारा विमोचन किया गया। फोल्डर का वितरण भी किया गया।

### सड़क के नाम का प्रस्ताव नपा की परिषद में रखा जाएगा

नपा के उपाध्यक्ष अभव वर्मा ने कहा कि समिति के द्वारा नगर पालिका से मांग की गई है कि स्व. विचित्र कुमार सिन्हा के नाम से नर्मदा महाविद्यालय के सामने से सर्किट हाउस तक मार्ग का नामकरण श्री सिन्हा के नाम से किया जाए। इस प्रस्ताव को गंभीरता से लिया गया है। नपाध्यक्ष की ओर से सहमति दी गई है। इस प्रस्ताव को परिषद की आगामी बैठक में रखा जाएगा।

आयोजन समिति के अध्यक्ष दैनिक क्षितिज किरण समूह के प्रधान संपादक केके सक्सेना ने समिति के द्वारा पूर्व में भोपाल में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला।

नर्मदापुरम के पूर्व कमिश्नर बीके बाथम ने कहा कि वर्तमान समय में केके सक्सेना जैसे पुत्र अपने पिता की स्मृति में जिस प्रकार से लगातार कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। उनकी स्मृति का संजोए हुए हैं यह समाज के लिए एक अनुकरणीय पहल है।

### 9 विभूतियां का हुआ सम्मान

स्व. सिन्हा की स्मृति में समाज के विभिन्न क्षेत्रों की 9 विभूतियों को स्म्मानित किया गया। जिनमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सम्मान के लिए बैतूल के डॉ़ कृष्णा मोदी, कर्मठ राजनीतिज्ञ सम्मान क्षेत्र के वरिष्ठ नेता पं श्री गिरिजा शंकर शर्मा, पत्रकारिता सम्मान नर्मदांचल के वरिष्ठ पत्रकार पंकज पटेरिया के स्वास्थ्य ठीक नहीं रहने पर उनका सम्मान उनके भांजे पियूष मिश्रा को दिया गया। समाजसेवी सम्मान इटारसी के समाजसेवी गोपाल सिद्धवानी, साहित्यसेवी सम्मान नर्मदा महाविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ कृष्ण गोपाल मिश्र, पत्र छायाकार सम्मान वर्षों से प्रेस फोटोग्राफर रहे लोकेश तिवारी, के साथ ही गंगाप्रसाद श्रीवास्तव स्मृति कुशल प्रशासक सम्मान नर्मदापुरम रेंज के डीआईजी आईपीएस प्रशांत खरे, विजय गुप्ता स्मृति विधि सेवी सम्मान बीते 56 वर्षों से सतत वकालात करने वाले संभाग के वरिष्ठ अधिवक्ता एसएस ठाकुर, व जन संचार सेवी सम्मान भोपाल के अवनीश सोमकुंवर को सम्मानित किया गया।

समारोह में आयोजन समिति के में संरक्षक पं गिरिमोहन गुरू शास्त्री नित्यगोपाल कटारे, अध्यक्ष केके सक्सेना, उपाध्यक्ष बलराम शर्मा अभय वर्मा शैलेंद्र नाथ श्रीवास्तव कार्यक्रम सांस्कृतिक सचिव विजय प्रकाश श्रीवास्तव, तुकाराम यादवेश, पंकज शुक्ला, भानू प्रकाश श्रीवास्तव, मनोज सोनी, कोषाध्यक्ष श्रीमती भावना सक्सेना, नंद किशोर यादव, शरीफ राइन, संगठन सह सचिव श्याम राय, कमल चव्हाण कार्यकारिणी पीयूष शर्मा, कमलेश चौधरी, अजय निगम, सजेंद्र श्रीवास्तव, श्रीमती रश्मि शर्मा श्रीमती हिना अली, सुश्री खुशबू बूलचंदानी गजेंद्र राजपूत, प्रकाश शर्मा का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम स्थल पर वरिष्ठ समाजसेवी पं भवानी शंकर शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता केके थापक, रामराज सिंह ठाकुर, जया कदम, सहित अन्य अधिवक्ता गण कालेज के प्राचार्य रामकुमार चौकसे, पत्रकार प्रफुल्ल तिवारी, आशीष दीक्षित, विपिन महंत, सहित अन्य अनेक गणमान्य नागरिक शामिल रहे। संचालन विलक्षण सक्सेना ने तथा आभार प्रदर्शन बलराम शर्मा ने किया।

### पत्रकार कमलेश चौधरी का रक्तदान करने पर सम्मान


नर्मदापुरम। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी साहित्यकार मूर्धन्य पत्रकार कवि लेखक विचित्र कुमार सिन्हा की स्मृति में रक्तदान भी हुआ। इस श्रृंखला में नर्मदांचल पत्रकार संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष समाजसेवी कमलेश चौधरी के द्वारा रक्तदान कर अनुकरणीय पहल प्रस्तुत करने पर समिति के द्वारा उनका सम्मान किया गया। श्री चौधरी के द्वारा की गई पहल को सभी ने सराहा। उनके सम्मान में पूरे हाल में विराजमान नागरकों ने तालियों की गडगडाहट से सम्मान किया।

## आरबीआई ने न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक पर लगाया बैन, पैसे निकालने पर भी रोक, खाताधारकों में हड़कंप



मुंबई. (आरएनएस)।भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. आरबीआई ने भारी अनियमितताओं के चलते बैंक की व्यावसायिक गतिविधियों पर रोक लगाई है. यहां तक कि शीर्ष बैंक ने जमाकर्ताओं के पैसे निकालने पर भी प्रतिबंध लगा दिया है. इसके चलते शुक्रवार सुबह से ही मुंबई में विभिन्न स्थानों पर स्थित बैंक शाखाओं के बाहर खाताधारकों की भारी भीड़ जमा हो गई है. अफरातफरी के माहौल को देखते हुए पुलिस की तैनाती की गई है. रिजर्व बैंक ने गुरुवार शाम में मुंबई स्थित न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक पर कई प्रतिबंध लगाए. को-ऑपरेटिव बैंक पर नियमों का उल्लंघन करने का आरोप है.

## पीएम मोदी-राहुल गांधी करेंगे नए चुनाव आयुक्त का चयन, 17 फरवरी को बैठक



नई दिल्ली-(आरएनएस)। भारत के अगले मुख्य चुनाव आयुक्त के नाम को अंतिम रूप देने के लिए पीएम मोदी की अगुवाई वाली चयन समिति अगले सप्ताह बैठक करेगी। वर्तमान सीईसी राजीव कुमार की सेवानिवृत्ति से पहले, पैनल एक खोज समिति द्वारा चुने गए उम्मीदवारों में से एक नाम की सिफारिश करेगा। चयन समिति में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री भी शामिल हैं। 18 फरवरी को मौजूदा मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार की सेवानिवृत्ति से पहले, पैनल बैठक करेगा और एक नाम को अंतिम रूप देगा। इसके बाद राष्ट्रपति सिफारिश के आधार पर अगले सीईसी की नियुक्ति करेंगे। पारंपरिक परंपराओं के अनुसार, पिछले साल एक नया कानून लागू होने से पहले, सबसे वरिष्ठ चुनाव आयुक्त (ईसी) को पदधारी की सेवानिवृत्ति के बाद सीईसी के रूप में पदोन्नत किया गया था। सीईसी और ईसी की नियुक्तियों पर नए कानून के अनुसार, एक खोज समिति पदों पर नियुक्ति के लिए प्रधान मंत्री के नेतृत्व वाले पैनल द्वारा विचार करने के लिए पांच सचिव स्तर के अधिकारियों के नामों को शॉर्टलिस्ट करती है। राजीव कुमार के बाद ज्ञानेश कुमार सबसे वरिष्ठ चुनाव आयुक्त हैं. उनका कार्यकाल 26 जनवरी, 2029 तक है। सुखबीर सिंह संधू दूसरे चुनाव आयुक्त हैं। सीईसी के अलावा, राजीव कुमार की सेवानिवृत्ति से बनी रिक्ति को भरने के लिए एक नए ईसी की भी नियुक्ति की जा सकती है। मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की अवधि) अधिनियम, 2023 के प्रावधानों को पहली बार सीईसी की नियुक्ति के लिए लागू किया जा रहा है, इसका उपयोग पिछले साल अनूप चंद्र पांडे की सेवानिवृत्ति और अरुण गोयल के इस्तीफे के कारण बनी रिक्तियों को भरने के लिए ईसी ज्ञानेश कुमार और संधू को नियुक्त करने के लिए किया गया था।

## फिर बढ़ेगी सत्येंद्र जैन की मुश्किलें, गिरफ्तार करने के लिए गृह मंत्रालय ने राष्ट्रपति से मांगी मंजूरी



नई दिल्ली-(आरएनएस)। गृह मंत्रालय (एमएचए) ने राष्ट्रपति से दिल्ली के पूर्व मंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) नेता सत्येन्द्र जैन के खिलाफ अभियोजन मंजूरी देने का अनुरोध किया है। अधिकारियों ने कहा कि मंत्रालय ने 60 वर्षीय राजनेता के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 218 के तहत मंजूरी मांगी है। उन्होंने कहा कि मंजूरी के लिए अनुरोध प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच और पर्याप्त सबूत की मौजूदगी के आधार पर किया गया था। जैन पर प्रवर्तन निदेशालय ने कथित हवाला लेनदेन से जुड़े मनी-लॉन्ड्रिंग मामले में मामला दर्ज किया था और मई 2022 में गिरफ्तार किया गया था।

### मेरे और मोदी में कोई मुकाबला ही नहीं...भारतीय प्रधानमंत्री को लेकर ये क्या बोल गए ट्रंप

## मोदी को गले लगाते हुए ट्रंप ने ऐसा क्या कह दिया? बौखला गया पाकिस्तान



नई दिल्ली-(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपना 2 दिवसीय अमेरिका दौरा संपन्न करके नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। पीएम मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान डिफेंस लेकर इमीग्रेशन तक के मुद्दों पर बात हुई है। मोदी ट्रंप की महामुलाकात से पड़ोसी देश पाकिस्तान हैरान परेशान नजर आ रहा है। दोनों देशों की ओर से संयुक्त बयान जारी किया गया. दोनों देशों के बयान में पाकिस्तान के आतंकवाद को समर्थन देने का मुद्दा भी शामिल था। संयुक्त बयान में कहा गया है कि दोनों नेताओं ने मुंबई हमलों जैसे जघन्य कृत्यों को रोकने के लिए अल-कायदा, आईएसआईएस, जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा सहित आतंकवादी समूहों से आतंकी खतरों के खिलाफ सहयोग को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्धता जताई। बयान में कहा गया है कि दोनों नेताओं ने इस बात की पुष्टि की कि आतंकवाद के वैश्विक खतरे से लड़ा जाना चाहिए और दुनिया के हर कोने से आतंकवादियों के पनाहगाहों को खत्म किया जाना चाहिए।

पाकिस्तान ने भारतीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा क्षेत्र में आतंकवाद को समर्थन की निंदा करने के बाद अपनी नाराजगी व्यक्त की और स्पष्ट रूप से कहा कि वह अपने क्षेत्र का इस्तेमाल आतंकवादी संगठनों द्वारा अन्य देशों पर हमले करने के लिए न करने दे। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता शफाकत अली खान ने कहा कि %पाकिस्तान-विशिष्ट% विवरण का उल्लेख एकतरफा, भ्रामक और राजनयिक मानदंडों के खिलाफ था।

# देश में सवाल पूछो तो चुप्पी, विदेश में पूछो तो निजी मामला!

### राहुल ने अडाणी मामले को लेकर पीएम मोदी पर साधा निशाना



नई दिल्ली-(आरएनएस)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अमेरिका में गौतम अडानी पर अभियोग मामले पर सवाल खारिज करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री इसे निजी मामला बताकर अपने दोस्त को बचा रहे हैं। राहुल ने एक्स पर लिखा कि देश में सवाल पूछो तो चुप्पी, विदेश में पूछो तो निजी मामला! अमेरिका में भी मोदी जी ने अडानी जी के भ्रष्टाचार पर पर्दा डाल दिया! जब मित्र का जेब भरना मोदी जी के लिए राष्ट्र निर्माण है, तब रिश्वतखोरी और देश की संपत्ति को लूटना व्यक्तिगत मामला बन जाता है।

अमेरिका के दौरे पर गए पीएम मोदी ने इस सवाल को खारिज कर दिया कि क्या उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ गौतम अडानी अभियोग मुद्दे पर चर्चा की थी। उन्होंने कहा, भारत एक लोकतंत्र है और हमारी संस्कृति वसुधैव कुटुंबकम है, हम पूरी दुनिया को एक परिवार मानते हैं। मेरा मानना ??है कि हर भारतीय मेरा है। दो देशों के दो प्रमुख नेता कभी भी ऐसे व्यक्तिगत मुद्दों पर चर्चा नहीं करते हैं।



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना प्रभारी ओमती राजपाल सिंह बघेल ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि घंटाघर के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से सट्टा पट्टी लिख रहा है सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई घण्टाघर के पास एक व्यक्ति सट्टा पट्टी लिखकर अवैध लाभ अर्जित करते दिखा जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया नाम पता पूछने पर अपना नाम मोनू उर्फ संजय सोनकर उम्र 42 वर्ष निवासी बड़ी ओमती पेशकारी स्कूल के पास ओमती बताया जिसके कब्जे से 2 सट्टा पर्ची, रेडमी कम्पनी का टच स्क्रीन मोबाइल, एक्सिस क्रमांक एमपी 20 एस एस 2222 तथा नगदी 26 हजार 705 रूपये जप्त

**एनएसयूआई ने कैंडल मार्च आयोजित कर दी श्रद्धांजलि- वीर जवानों की कुर्बानी को किया नमन**

# पुलवामा हमले की बरसी पर शहीद जवानों को किया याद





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर जवानों की छठवीं बरसी के अवसर पर एनएसयूआई जबलपुर द्वारा एक कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एनएसयूआई पदाधिकारी अनुराग शुक्ला के नेतृत्व में कांचघर चौक पर संपन्न हुआ, जहां उपस्थित कार्यकर्ताओं और क्षेत्रीय नागरिकों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर एनएसयूआई के अनुराग शुक्ला ने कहा आज का दिन हमें उन वीर जवानों की याद दिलाता है, जिन्होंने 14 फरवरी 2019 को पुलवामा हमले में अपने प्राणों की आहुति देकर देश की रक्षा की। उनकी शहादत को हम कभी भुला नहीं सकते। यह केवल एक दिन का स्मरण नहीं, बल्कि उन वीरों के बलिदान को नमन करने और उनकी राष्ट्रभक्ति से प्रेरणा लेने का अवसर भी है।

उन्होंने कहा कि भारतीय सैनिकों ने हमेशा ही देश का गौरव बढ़ाया है और दुश्मनों के नापाक इरादों को नाकाम किया है। पुलवामा की घटना इस बात का प्रमाण है कि हमारे सैनिक देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने से भी पीछे नहीं हटते। भले ही कोई भी ताकत भारत की अखंडता को कमजोर करने का प्रयास करे, लेकिन भारतीय सेना और सैनिक उनके मंसूबों को ध्वस्त करते रहेंगे।इस कैंडल मार्च के माध्यम से एनएसयूआई ने देशभक्ति, एकता और शहीदों के सम्मान का संदेश दिया। कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे शहीदों के बलिदान को व्यर्थ नहीं जाने देंगे और देश की सेवा व समाजहित के कार्यों में सदैव अग्रसर रहेंगे।


इस अवसर पर एनएसयूआई के सागर शुक्ला, अदनान अंसारी, प्रतीक गौतम,शफी खान,अंकित शुक्ला,गोल्डी पांडे, अंकित कोरी,सनी महाजन,साहिल? रजक, एजाज अंसारी,योग ठाकुर,साहिल यूके एवं क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने के लिए मध्यप्रदेश पावर जनेरटिंग कंपनी बेस्ट सपोर्टिंग अवार्ड से सम्मानित



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश शासन के कौशल विकास विभाग द्वारा सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना व राष्ट्रीय अप्रेंटिस संवर्धन योजना में शामिल 87 शासकीय विभागों व कंपनियों सर्वश्रेष्ठ कार्य करने पर मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी को बेस्ट सपोर्टिंग इंडस्ट्री अवार्ड से आज कल्चुरि होटल में आयोजित एक समारोह में सम्मानित किया गया। पावर जनरेटिंग कंपनी की ओर से यह अवार्ड अधीक्षण अभियंता प्रशिक्षण डा. अशोक तिवारी, उप महाप्रबंधक मानव संसाधन खुशबू शर्मा व कार्मिक अधिकारी वर्तिका गुरबानी ने ग्रहण किया। पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह, डायरेक्टर टेक्नकिल सुबोध निगम व डायरेक्टर कॉमर्शियल मिलिन्द भान्दक्कर ने इस उपलब्धि हासिल करने के लिए कंपनी के मानव संसाधन व प्रशासन निकाय के समस्त कार्मिकों को बधाई दी। पावर जनरेटिंग कंपनी में सबसे अधिक विद्यार्थियों ने लिया प्रशक्षिण-मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना, राष्ट्रीय अप्रेटिंस स्कीम, आईटीआई ट्रेड प्रशिक्षुओं व इंजीनियरिंग स्नातक प्रशिक्षण जैसी योजना में मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी ने मध्यप्रदेश की कुल 87 शासकीय विभागों व कंपनियों में सबसे उत्कृष्ट क्रियान्वयन किया। इन योजना में पावर जनर्रेटिंग कंपनी में सबसे अधिक प्रशिक्षुओं द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। योजना के क्रियान्वयन में उत्कृष्टता प्रदर्शित-पावर जनरेटिंग कंपनी ने योजना के क्रियान्वयन में भी उत्कृष्टता प्रदर्शित की। सभी प्रशिक्षुओं व अप्रेंटिस की उपस्थित निर्धारित समय पर पोर्टल में दर्ज की गई। वहीं पावर जनरेटिंग कंपनी ने समस्त प्रशिक्षुओं व अप्रेंटिस को भुगतान की जाने वाली स्टाइपेंड राशि का 25 प्रतिशत पोर्टल में जमा किया। पावर जनरेटिंग कंपनी द्वारा प्रशिक्षुओं की उपस्थिति को जमा करने और स्टाइपेंड राशि जमा करने में एक भी दिन का विलंब नहीं किया गया। शासन स्तर पर अनेक कौशल विकास योजनाओं का क्रियान्वयन-पावर जनरेटिंग कंपनी द्वारा शासन स्तर पर अनेक कौशल विकास योजनाओं का कुशलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत पावर जनरेटिंग कंपनी को प्रदेश स्तर पर पुरस्कार हासिल हो चुके हैं। पावर जनरेटिंग कंपनी में प्रशिक्षण कार्यक्रम का निर्देशन व मार्गदर्शन मुख्य अभियंता मानव संसाधन व प्रशासन दीपक कश्यप व अतिरिक्त मुख्य अभियंता एसके जैन कर रहे हैं।

## द इंस्टीटूशन ऑफ़ इंजीनीयर्स (इंडिया) जबलपुर लोकल सेंटर में ख्यातिलब्ध पावर इंजीनीयर डॉ. खरे का व्याख्यान आज



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। द इंस्टीटूशन ऑफ़ इंजीनीयर्स (इंडिया) जबलपुर लोकल सेंटर में शनिवार 15 फरवरी को सांय 05:30 बजे से रिएक्टिव पावर मैनेजमेंट विषय पर एक महत्वपूर्ण व्याख्यान आयोजित किया गया है। द इंस्टीटूशन ऑफ़ इंजीनीयर्स (इंडिया) लोकल सेंटर जबलपुर के मानसेवी सचिव डॉ. राजीव जैन तथा अध्यक्ष इंजी. संजय कुमार मेहता ने जानकारी दी कि उक्त व्याख्यान पावर सेक्टर की विश्व विख्यात हस्ती डॉ. विनोद कुमार खरे द्वारा दिया जायेगा। डॉ. खरे उत्तर प्रदेश ट्रांसमिशन कारपोरेशन के डायरेक्टर, पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एवं इथियोपियन इलेक्ट्रिक यूटिलिटी के सी.ई.ओ., जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके है। कार्यक्रम के संयोजक इंजी अनिंद्य कुमार खरे, आयोजन सचिव इंजी. महेश कुमार रघुवंशी तथा आयोजन अध्यक्ष इंजी. विवेक अग्रवाल ने समस्त सदस्यों, इंजीनियरिंग तथा पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं से अपील कि है कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में सम्मिलित होकर पावर सेक्टर के एक बहुत ऊचें व्यक्तित्व से महत्वपूर्ण विषय पर दिये जा रहे व्याख्यान का लाभ उठावें।

### उपायुक्त राजस्व पी.एन. सनखेरे को शासन से मिली एक साल की सेवावृद्धि

जबलपुर। संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास मध्यप्रदेश शासन के द्वारा जारी पत्रानुसार उपायुक्त राजस्व पी.एन. सनखेरे की संविदा सेवा आज दिनांक 14 फरवरी 2025 को समाप्त होने के पुन: आवेदन प्रस्तुत कर कार्य अवधि विस्तारित करने का अनुरोध किया गया था, जिस पर मध्यप्रदेश नगर पालिक संविदा सेवा नियम-2021 के अनुसार मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम 1956 की धारा 58 के अनुसार संविदा के आधार पर एक वर्ष की सेवा अवधि के लिए अनुमति प्रदान की है। उल्लेखनीय है कि उपायुक्त राजस्व पी.एन. सनखेरे की सेवा वृद्धि के लिए एम.आई.सी. में प्रस्ताव पारित करके शासन को प्रस्ताव भेजा गया था, जिसकी स्वीकृति प्रदान की गयी है।

## नवांकुर संस्था,परामर्शदाताओ ने कुंभ तीर्थ जाने वाले यात्रियों का किया स्वागत





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड पनागर की नवांकुर संस्था,परामर्शदाताओ,प्रस्फुटन समितियों द्वारा प्रयागराज महाकुंभ जा रहे ब आ रहे तीर्थ यात्रियों का बस स्टॉप कुशनेर में स्वागत अभिनंदन कर यात्रियों के लिए जल व्यवस्था के साथ ही स्वल्पाहार एवं चाय की व्यवस्था की गई।

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देशन पर विकासखंड पनागर की नवांकुर संस्था,परामर्शदाताओ के संयोजन में प्रयागराज महाकुंभ जा रहे तीर्थ यात्रियों का आत्मीय स्वागत किया गया। जिसमे वाहनों को रूकवाकर तीर्थ यात्रियों को विश्राम के लिए व्यवस?था की गई और तिलक वंदन कर माला पहनकर श्रीफल व अंग वस्त्र भेंटकर स्वागत किया गया समिति द्वारा गंगा मैया को अर्पित करने के लिए यात्रियों को नारियल, सुपारी, हल्दी, श्रृंगार की सामग्री भेंट कर सफल यात्रा की शुभकामनाएं दी गई एवं तीर्थ यात्रियों को यात्रा में उपयोगी स्वल्पाहार पानी की बोतल बिस्कुट का इंतजाम भी किया गया कार्यक्रम में भारत महरोलिया विकासखंड समन्वयक पनागर,नवांकुर संस्था प्रभारी पारस दाहिया,परामर्शदाता मनोज़ प्रजापति, सुशील सेन के साथ प्रस्फुटन समितियों के सदस्य ष्द्धष्द्यस्त्रश्च के छात्र,छात्राएं की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न किया गया है

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से केन्ट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने की भोपाल में भेंट**

# नागरिकों को सुरक्षा, सुविधा और रोजगार दिलाना ही हमारी प्रमुखता - अशोक ईश्वरदास रोहाणी

**संस्कारधानी के शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार दिलाने और फर्नीचर के कारोबार को विस्तार रूप देने केन्ट क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने की सार्थक पहल**



**राँझी के मानेगाँव, अधारताल के सिद्धेश्वर चौक, और अवंती बाई वार्ड के तिलहरी में नागरिक सुरक्षाओं के लिए पुलिस चौकी की स्थापना कराने का भी मुख्यमंत्री से विधायक श्री रोहाणी ने की माँग**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि) ।भोपाल में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी से केन्ट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने भेंट की और संस्कारधानी के नागरिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रस्तावित परियोजनाओं के संबंध में सौहाद्र चर्चा की और शीघ्र ही सभी परियोजनाओं को क्रियान्वयन कराने की दिशा में अनुरोध किया। आत्मीय भेंटवार्ता के दौरान विधायक श्री रोहाणी ने भटौली में प्रस्तावित फर्नीचर क्लस्टर को शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने तथा मोहनिया में प्रस्तावित औद्योगिक केन्द्र की स्थापना के लिए जमीन आवंटन शीघ्र कराने के लिए आग्रह किया।

केन्ट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी के द्वारा संस्कारधानी के नागरिकों को एक ओर रोजगार दिलाने का प्रयास किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर नागरिकों की सुरक्षा एवं सुविधा में भी विस्तारिकरण हो के लिए भी चिंता की जा रही है। श्री रोहाणी ने आज उपरोक्त सभी उद्देश्यों की पूर्ति के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी से भेंट कर राँझी थाना अंतर्गत मॉनेगाँव में पुलिस चौकी का निर्माण, अधारताल थाना के अंतर्गत निर्मलचंद वार्ड के सिद्धेश्वर चौक में पुलिस चौकी का निर्माण एवं रानी अवंती बाई वार्ड के तिलहरी में पुलिस चौकी के निर्माण कराने के लिए भी विनम्रतापूर्वक आग्रह किया। इस अवसर पर निगमाध्यक्ष रिकुंज विज आदि उपस्थित रहे।

# पश्चिम मध्य रेलवे के स्टेशनों से गुजरेगी कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। यात्रियों की सुविधा हेतु प्रयागराज में चल रहे महाकुम्भ-2025 के अवसर पर अतिरिक्त यात्री भीड़ को क्लीयर करने के उद्देश्य से रेल प्रशासन द्वारा कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। ये स्पेशल ट्रेनें पश्चिम मध्य रेल के स्टेशनों से भी गुजर रही है, जिसका विवरण इस प्रकार है-

1) चर्लपल्ली-दानापुर-चर्लपल्ली कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन

07121 चर्लपल्ली-दानापुर कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन सोमवार 17 फरवरी 2025 को चर्लपल्ली से दोपहर 15:10 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन रास्ते में इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना होते हुए एवं सायं 17:45 बजे प्रयागराज छिवकी और रात्रि 23:55 बजे दानापुर पहुंचेगी। (1 सेवाएं)

07122 दानापुर-चर्लपल्ली कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन बुधवार 19 फरवरी 2025 को दानापुर से दोपहर 15:15 बजे प्रस्थान कर, उसी दिन रात 20:25 बजे प्रयागराज छिवकी और अगले दिन रात्रि 23:45 बजे चर्लपल्ली पहुंचेगी। (1 सेवाएं)

ठहराव- काज़ीपेट जंक्शन, पेद्दपल्ली जंक्शन, रामागुंडम, मंचेरियल, बेल्लमपल्ली, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, चंद्रपुर, सेवाग्राम, नागपुर, इटारसी जंक्शन, पिपरिया, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर और आरा।

संरचना- एक वातानुकूलित 2-टियर, एक वातानुकूलित 3-टियर, 20 शयनयान श्रेणी और 2 सामान्य द्वितीय श्रेणी सह गार्ड ब्रेक वैन।

2) उडुपि-टुंडला-उडुपि कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन 01192 उडुपि-टुंडला कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन सोमवार 17 फरवरी 2025 को उडुपि से दोपहर 12:30 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन रास्ते में इटारसी, पिपरिया, मदन महल, कटनी, सतना होते हुए एवं तीसरे दिन सुबह 06:25 बजे प्रयागराज छिवकी और दोपहर 13:10 बजे टुंडला पहुंचेगी। (1 सेवाएं)

01191 दानापुर-उडुपि कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन गुरुवार 20 फरवरी 2025 को टुंडला से सुबह 09:30 बजे प्रस्थान कर, उसी दिन सायं 18:25 बजे प्रयागराज छिवकी और तीसरे दिन सायं 18:10 बजे उडुपि पहुंचेगी। (1 सेवाएं)

ठहराव- बारकूर, कुन्दापुरा, बैन्दूर मूकांबिका रोड, भटकल, मुर्डेश्वर, कुमटा, गोकर्ण रोड, कारवार, मडगाँव जंक्शन, रत?नागिरी, चिपलुन, रोहा, पनवेल, कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, भुसावल, इटारसी जंक्शन, पिपरिया, मदन महल (जबलपुर), कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, फतेहपुर, गोविंदपुरी और इटावा।

संरचना- एक वातानुकूलित 2-टियर, 05 वातानुकूलित 3-टियर, 10 शयनयान श्रेणी, 2 सामान्य द्वितीय श्रेणी और 2 सामान्य द्वितीय श्रेणी सह गार्ड ब्रेक वैन। यात्री मेला स्पेशल ट्रेन के ठहराव की विस्तृत जानकारी रेल मदद 139 अथवा एनटीईएस ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त कर सकते है।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर म.प्र.
## लोककर्म विभाग

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://.mptenders.gov.in की पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | निविदा आमंत्रण | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत लाख में | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | प्रथम निविदा आमंत्रण | PRO- 564 2025-UAD 402700_1 14.02.2025 | सं.क्रं.14 अंतर्गत महाराजा अग्रसेन वाडे में स्टेट बैंक सिंगल स्टोरी से त्रिकोना गार्डन के सामने सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। | 03 माह<br>रू. 18.95 लाख | 2000/-<br>14213/- | 17.03.2025 |
| 2 | प्रथम निविदा आमंत्रण | PRO- 564 2025-UAD 402700_1 14.02.2025 | सं.क्रं.14 अंतर्गत महाराजा अग्रसेन वाडे में जगदंबा कॉलोनी में राजा टेंट से शिव शक्ति मंदिर की ओर सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। | 03 माह<br>रू. 10.86 लाख | 2000/-<br>8147/- | 17.03.2025 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट http://.mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री , संभाग क्रं. 14, नगर निगम जबलपुर**



**संभागीय कार्यालय संभाग क्रं-15 सुहागी,नगर निगम, जबलपुर**

प्रकरण क्रं./ संभा.अधि./ राजस्व./ M 109/2024-25 दिनांक 14/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री विनय कुमार शर्मा, पिता- स्व.श्री बृजभान प्रसाद शर्मा** के द्वारा **वार्ड क्रं. 72 दादा ठनठन पाल वार्ड** के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 2000015141 के पंजीकृत स्वामी श्री प्रशांत मोहन्ती, पिता श्री महेन्द्र मोहन्ती, के नाम से दर्ज खसरा नं. 7/2 का भाग प्लाट रकवा 1800 व.फु., जिसका मौजा लमती का विक्रय प्लाट रकवा 900 व.फु., **विक्रय/क्रय** की गई किये सम्पत्ति पर निम्न दस्तावेजों- **ई-पंजीयन प्रमाण पत्र,खसरा, टैक्स रसीद, आधार कार्ड एवं राजस्व नामांतरण शुल्क** के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रं- 15 सुहागी** में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी (राजस्व)**
**संभाग क्रमांक 15 सुहागी**
**नगर पालिक निगम जबलपुर**



**संभागीय कार्यालय संभाग क्रं-15 सुहागी,नगर निगम, जबलपुर**

प्रकरण क्रं./ संभा.अधि./ राजस्व./ M 108/2024-25 दिनांक 14/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री अनिल कुमार शर्मा, पिता- स्व.श्री बृजभान प्रसाद शर्मा** के द्वारा **वार्ड क्रं. 72 दादा ठनठन पाल वार्ड** के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 2000015141 के पंजीकृत स्वामी श्री प्रशांत मोहन्ती, पिता श्री महेन्द्र मोहन्ती, के नाम से दर्ज खसरा नं. 7/2 का भाग प्लाट रकवा 1800 व.फु., जिसका मौजा लमती का विक्रय प्लाट रकवा 900 व.फु., **विक्रय/क्रय** की गई संपत्ति पर निम्न दस्तावेजों- **ई-पंजीयन प्रमाण पत्र,खसरा, टैक्स रसीद, आधार कार्ड एवं राजस्व नामांतरण शुल्क** के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रं- 15 सुहागी** में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी (राजस्व)**
**संभाग क्रमांक 15 सुहागी**
**नगर पालिक निगम जबलपुर**



**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 187 2024-2025 दिनांक 14/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्री नितिन सोनी, पिता श्री राजकुमार सोनी** , ने खसरा क्रं. 171/1 का भाग, संपत्ति कर/ पिन नं. 2000109039 जलकर पिन नं. ......., पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - श्री चेतराम काछी/ रामविशाल काछी, **वार्ड श.अ. हमीद वार्ड** , क्षेत्रफल 63163 व.फु., विक्रय प्लाट रकवा .......... व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**



**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 186 2024-2025 दिनांक 14/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्री नितिन सोनी, पिता श्री राजकुमार सोनी** , ने खसरा क्रं. 171/1 का भाग, संपत्ति कर/ पिन नं. 2000109039 जलकर पिन नं. ......., पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - श्री चेतराम काछी/ रामविशाल काछी, **वार्ड श.अ. हमीद वार्ड** , क्षेत्रफल 63163 व.फु., विक्रय प्लाट रकवा 1015 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**



**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 188 2024-2025 दिनांक 14/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्रीमती लेखा सोनी, पति- श्री नितिन सोनी** , ने खसरा क्रं. 171/1 का भाग/ पी- 42 का भाग, संपत्ति कर/ पिन नं. 2000109039 जलकर पिन नं. ......., पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - श्री चेतराम काछी/ रामविशाल काछी, **वार्ड श.अ. हमीद वार्ड** , क्षेत्रफल 63163 व.फु., विक्रय प्लाट रकवा 1068.7 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**



भोपाल- पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण बहुत ही महत्वपूर्ण है। ऊर्जा के सही इस्तेमाल और संरक्षण पर ही दुनिया का विकास टिका हुआ है। इसलिए हम सब का परम कर्तव्य है कि ऊर्जा के विभिन्न विकल्पों का सही प्रयोग करें और इसके संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास करें। राज्यमंत्री श्रीमती गौर शुक्रवार को एन. आई. टी.टी.टी.आर. के सभागार में आयोजित ऊर्जा संरक्षण क्षमता महोत्सव कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर संबोधित कर रहीं थीं।



**प्रदेश के 48 शिवरात्रि मेलों का होगा शुभारंभ-वर्ष प्रतिपदा 30 मार्च तक चलेगा विक्रमोत्सव- सम्राट विक्रमादित्य के युग, भारत उत्कर्ष, नवजागरण और भारत विद्या पर केंद्रित रहेगा महोत्सव**

# महाशिवरात्रि पर्व से आरंभ होगा विक्रमोत्सव-2025 - मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल-(आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उज्जैन में महाशिवरात्रि पर्व 26 फरवरी से विक्रमोत्सव-2025 का आरंभ होगा। सृष्टिकर्ता महादेव के महोत्सव से सृष्टि के आरंभ दिवस वर्ष प्रतिपदा 30 मार्च तक चलने वाला विक्रमोत्सव, सम्राट विक्रमादित्य के युग, भारत उत्कर्ष, नवजागरण और भारत विद्या पर केंद्रित रहेगा। इसके अंतर्गत साहित्यिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही ज्योतिर्विज्ञान, विचार गोष्ठियाँ, इतिहास और विज्ञान समागम, विक्रम व्यापार मेला, लोक एवं जनजातीय संस्कृति पर आधारित गतिविधियाँ संचालित होंगी। विक्रमादित्य वैदिक घड़ी के ऐप के प्रवर्तन, हस्तशिल्प, पारंपरिक व्यंजन, वस्त्रोद्योग, हथकरघा उपकरणों की प्रदर्शनी के साथ क्षेत्रीय, पौराणिक फिल्मों के महोत्सव और श्रीकृष्ण पर केन्द्रित विशेष फिल्मों का प्रदर्शन और प्रस्तुतियाँ भी विक्रमोत्सव का हिस्सा रहेंगे। कार्यक्रम में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन के साथ ही शोधपरक पुस्तकों, ग्रन्थों का लोकार्पण और विक्रम पंचांग का प्रकाशन भी होगा। सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक गतिविधियों को समाहित किए विरासत से विकास का यह विक्रमोत्सव अपने आप में अनूठा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में विक्रमोत्सव-2025 की आयोजन समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विक्रमोत्सव के कैलेंडर का विमोचन भी किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विक्रमोत्सव का आयोजन, सम्राट विक्रमादित्य के बहुआयामी व्यक्तित्व की गरिमा के अनुरूप हो। कार्यक्रम का प्रारंभ अत्यंत निकट है, अत: सभी विभाग, समन्वयपूर्वक निर्धारित समय से पहले ही सभी तैयारियां पूर्ण करना सुनिश्चित करें। आयोजन के सहभागी बनने वाले सभी विद्वतजन, कलाकारों और अन्य महत्वपूर्ण व्यक्तियों का स्वागत और व्यवस्था अतिथि देवो भव- के भाव से की जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि महाशिवरात्रि पर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार का कष्ट न हो और पर्व की व्यवस्थाएं भी प्रभावित नहीं हों।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विक्रमोत्सव में उज्जैन के साथ अन्य स्थानों पर भी सम्राट विक्रमादित्य, भारतीय ऋषि वैज्ञानिक परंपरा, देवी अहिल्याबाई पर केंद्रित प्रदर्शनियां लगाई जाएं। भारतीय ज्ञान परंपरा के विभिन्न पक्षों पर जन-जन में जानकारी के प्रसार के लिए गतिविधियों संचालित की जाए। उन्होंने प्रदेश की भीली, गोंडी जैसी जनजातीय बोलियां के कवियों को भी कवि सम्मेलन में शामिल करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य पर केंद्रित गीत, कविता और रचनाओं को सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विक्रमोत्सव में होने वाले राष्ट्रीय विज्ञान सम्मेलन में ड्रोन और रोबोटिक-शो जैसे आयोजन हों। उन्होंने महाकौशल, बुंदेलखंड, बघेलखंड क्षेत्र में भी विज्ञान सम्मेलन आयोजित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विज्ञान सम्मेलनों में इसरो सहित अन्य महत्वपूर्ण विज्ञान और शोध संस्थानों के वैज्ञानिकों को भी आमंत्रित किया जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विक्रम संवत के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि संवत, प्रवर्तन की प्रक्रिया सामर्थ्य और सुशासन पर आधारित है, सम्राट विक्रमादित्य के विविध पक्षों पर जन-जन को जानकारी देने के लिए गतिविधियां संचालित की जाना चाहिए। उन्होंने जाणता राजा के समान विकसित महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य की प्रस्तुतियां प्रदेश के विभिन्न शहरों के साथ देश के प्रमुख नगरों में करने के भी निर्देश दिए।

विक्रमोत्सव का भव्य शुभारंभ महाशिवरात्रि के पावन पर्व से होगा। प्रदेश भर में महाशिवरात्रि मेलों का शुभारंभ होगा। उज्जैन में होने वाले शुभारंभ कार्यक्रम में विंटेज कार, स्पोर्टस बाइक और जनजातीय कलाकारों की प्रस्तुति के साथ कलश यात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर 84 महादेव की विशेष प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। प्राचीन भारतीय काल गणना पर आधारित वैदिक घड़ी ऐप का लोकार्पण होगा। कार्यक्रम में सिंहस्थ-2028 की रूपरेखा का निर्धारण किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत ताल वादक आनंदम शिवमणि एवं लोक गायक हंसराज रघुवंशी की सांगीतिक प्रस्तुति होगी। विक्रम व्यापार मेला के अंतर्गत वस्त्रोद्योग, हथकरघा, उपकरणों की प्रदर्शनी आयोजित होगी। आदि शिल्प के तहत जनजातीय शिल्प, पारम्परिक व्यंजन एवं जनजातीय परंपरागत चिकित्सा शिविर लगाए जाएंगे।

विक्रमोत्सव में 27 फरवरी से आर्ष भारतीय ऋषि वैज्ञानिक परंपरा, विक्रमकालीन मुद्रा एवं मुद्रांक, श्रीकृष्ण की 64 कलाएँ (मालवा की चितरावन शैली में), श्रीकृष्ण होली पर्व, चौरासी महादेव, जनजातीय प्रतिरूप, सम्राट विक्रमादित्य और अयोध्या, प्राचीन भारतीय वाद्य यंत्र, देवी 108 स्वरूप और देवी अहित्या पर निर्मित स्थापत्य पर प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी। साथ ही शैव परंपरा एवं वास्तु-विज्ञान, भारत में संवत परंपरा-वैशिष्ट्य एवं प्रमाण पर शोध संगोष्ठी होगी। वायलिन वादक अनुप्रिया देवेताले अपनी प्रस्तुति देंगी। एक से 3 मार्च 2025 तक वैचारिक समागम के अंतर्गत सम्राट विक्रमादित्य का न्याय विषय पर मंथन होगा। आठ मार्च को लोक रंजन में बोलियों का अखिल भारतीय कवि सम्मेलन होगा। विक्रमोत्सव में दस से 12 मार्च तक अंतर्राष्ट्रीय इतिहास समागम होगा।

पन्द्रह से 16 मार्च तक संहिता ज्योतिष एवं वैशिष्ट्य एवं आचार्य वराह? मिहिर पर संगोष्ठी, 21 मार्च से महादेव शिल्पकला कार्यशाला तथा प्रतिदिन मांडना शिविर लगाए जाएंगे। इसी क्रम में 21 से 25 मार्च तक पौराणिक फिल्मों का अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव, आदि बिम्ब के अंतर्गत जनजातीय संस्कृतिक पर केंद्रित फिल्मों का प्रदर्शन होगा। साथ ही 21 से 29 मार्च तक विक्रम नाट्य समारोह, वेद अंताक्षरी, 22 मार्च को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन, 26-28 मार्च को राष्ट्रीय विज्ञान सम्मेलन और विज्ञान उत्सव होगा। नव सम्वत्सर 30 मार्च को सूर्योपासना, उज्जैनी गौरव दिवस, के साथ ही प्रकाशनों का लोकार्पण होगा। वर्ष प्रतिपदा के अवसर पर सम्राट विक्रमादित्य अलंकरण समारोह होगा, लोक प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा सांगीतिक प्रस्तुति दी जाएगी तथा भव्य आतिशबाजी भी होगी।

# शहर का सौंदर्य बिगाड़ने वालों के विरूद्ध होगी कठोर कार्यवाही

भोपाल (आरएनएस)। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में निगम द्वारा क्षेत्रों में साफ-सफाई एवं अन्य जनसुविधा व सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया कि शहर के सौंदर्य को अवैध रूप से बैनर/पोस्टर व अन्य प्रकार की प्रचार-प्रसार सामग्री लगाकर बिगाडने वालों पर कठोर कार्यवाही करते हुए स्पॉट फाईन वसूलने और प्रचार सामग्री जप्त करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त नारायन ने गंदगी फैलाने वालों के विरूद्ध भी सख्ती से स्पॉट फाईन की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त नारायन ने मुख्य मार्गों सहित अन्य मार्गों, फुटपाथों/साईड वर्ज, सेंट्रल वर्ज, ग्रीन बेल्ट आदि में पडी मिट्टी, कचरा, सी.एण्ड.डी वेस्ट व भवन निर्माण सामग्री आदि तत्काल उठवाने व बेहतर साफ-सफाई कराने, रानी कमलापति स्टेशन के पास उच्च स्तरीय साफ-सफाई सुनिश्चित करने और इस क्षेत्र को बेहतर स्वरूप प्रदान करने के निर्देश समक्ष में एवं वी.सी.के माध्यम से दिए। निगम आयुक्त नारायन ने ग्राम अमझरा क्षेत्र में जिला पंचायत के अधिकारियों से समन्वय कर साफ-सफाई कराने और गंदगी फैलाने वाले होटलों एवं दुकानदारों पर सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने बुधवार को रानी कमलापति स्टेशन, सुभाष स्कूल, शिवाजी नगर, 07 नंबर स्टॉप, लिंक रोड नंबर 03, सावरकर सेतु, नर्मदापुरम मार्ग, 11मील, भोजपुर रोड, बायपास मार्ग, आनन्द नगर, अमझरा आदि क्षेत्रों का निरीक्षण किया और समक्ष में तथा वी.सी.के माध्यम से विभिन्न कार्यों के संबंध में जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। निगम आयुक्त नारायन ने रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के पास उच्च स्तरीय साफ-सफाई कराकर इस क्षेत्र को बेहतर स्वरूप प्रदान करने, सुभाष स्कूल, 07 नंबर बस स्टॉप क्षेत्र के फुटपाथों की बेहतर ढंग से साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त नारायन ने शहर की सुंदरता को बरकरार रखने व बैनर/पोस्टर फ्री सिटी बनाने के दृष्टिगत सड़कों के किनारे, फुटपाथों, सेंट्रल वर्ज, साईड वर्ज आदि में बिना अनुमति के बैनर/पोस्टर व अन्य प्रकार की प्रचार-प्रसार सामग्री लगाकर शहर की सुंदरता बिगाड़ने वालों के विरूद्ध कठोर चालानी/स्पॉट फाईन की कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

**गर्भवती माताओं का करें शत-प्रतिशत पंजीयन- संभाग स्तरीय बैठक में स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा की**

# मातृ मृत्यु दर व शिशु मृत्यु दर में कमी के लिये समन्वित प्रयास आवश्यक-उप मुख्यमंत्री शुक्ल



भोपाल-(आरएनएस) उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि मातृ मृत्यु दर व शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिये स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग को समन्वित प्रयास करना होगा। ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य कार्यकर्ताएँ व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत पंजीयन करें तथा प्रतिमाह उन्हें चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जाय। उप मुख्यमंत्री ने कमिश्नर कार्यालय सभागार रीवा में स्वास्थ्य सूचकांक, एएनसी पंजीयन व संस्थागत प्रसव सहित स्वास्थ्य सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मातृ मृत्यु दर व शिशु मृत्यु दर में सुधार की आवश्यकता है। स्वास्थ्य विभाग का मैदानी अमला पूरी संवेदनशीलता के साथ घर-घर जाकर गर्भवती माताओं का शत-प्रतिशत पंजीयन करते हुए उन्हें प्रतिमाह व तिमाही में मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाएँ दें तथा उनकी जांच कराये ताकि वह महिलाएँ हाई रिस्क में न जा पाये। उन्होंने कहा कि हाई रिस्क में यदि गर्भवती महिला पहुंचती है तो उसको समय समय पर उपचार दिया जाय। तदुपरांत उसका संस्थागत प्रसव कराकर सुरक्षित किया जाय। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में अधोसंरचना विकास के अनेक कार्य संचालित हैं। ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में अस्पताल भवनों के निर्माण के साथ ही पर्याप्त दवाइयों की उपलब्धता, डॉक्टर्स व पैरामेडिकल स्टाफ की नियुक्ति के कार्य प्राथमिकता से किये जा रहे हैं। जरूरत इस बात की है कि मैदानी अमला पूरी निष्ठा से कार्य करें तथा जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी गंभीरता से मानीटरिंग करें व क्षेत्र का नियमित भ्रमण करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत प्रतिमाह की 9 एवं 25 तारीख को दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की मानीटरिंग की जाएं ताकि इसका अधिक से अधिक आउटपुट निकले। उप मुख्यमंत्री ने अपेक्षा की कि गर्भवती महिलाओं के परिजनों को भी उसके स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिये जागरूक किया जाएं जिससे जच्चा व बच्चा स्वस्थ्य रहे। उप मुख्यमंत्री ने कलेक्टरों से अपेक्षा की कि वह क्षेत्र का भ्रमण कर स्वास्थ्य सुविधाओं की सतत मॉनिटरिंग करें।कमियों को दूर करने के लिये प्रयास करें। उन्होंने रीवा संभाग का व्हाट्सअप ग्रुप बनाकर स्वास्थ्य क्षेत्र में प्रगति की नियमित जानकारी शेयर करने के भी निर्देश दिये। उप मुख्यमंत्री ने अपेक्षा की कि रीवा संभाग में समन्वित प्रयासों से शिशु मृत्यु दर व मातृ मृत्यु दर में कमी लाने में सफलता मिलेगी और इसकी लिये प्रतिमाह रिव्यू बैठक की जायेगी। कमिश्नर रीवा संभाग श्री बीएस जामोद, कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस, कलेक्टर मऊगंज श्री अजय श्रीवास्तव, कलेक्टर मैहर सुश्री रानी बाटड़, सीईओ जिला पंचायत रीवा एवं सीधी उपस्थित रहे।

## मैहर के भू कारोबारी संतोष सोनी की संपत्ति पर सवाल, चुनावी हलफनामे में छिपाई गई जानकारी?

मैहर (आरएनएस)। मैहर नगर पालिका अध्यक्ष गीता सोनी और उनके पति भू कारोबारी संतोष सोनी की संपत्ति को लेकर बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं। हाल ही में हुए चुनाव में गीता सोनी द्वारा दाखिल नामांकन पत्र में उनकी कुल संपत्ति ?1,90,50,000 और उनके पति संतोष सोनी की संपत्ति ?3,73,15,151 दर्ज की गई थी। वहीं, उनके हाथ में नकद राशि क्रमश: ?1,42,318 और ?1,74,802 थी।इसके अलावा, बैंक खातों में जमा पूंजी के तौर पर गीता सोनी के खाते में ?3,33,755 और संतोष सोनी के खाते में ?3,78,388 दर्ज की गई थी। नगर पालिका चुनाव के शपथ पत्र में दर्शित संपत्ति के आलावा अन्य कई संपत्तियां सामने आई हैं, जिनका उल्लेख नामांकन पत्र के साथ प्रस्तुत शपथ पत्र में उल्लेख नहीं किया गया है तथा संपत्ति को छिपाया गया है 2022 से पहले की संपत्ति का विवरण नहीं: गीता सोनी और संतोष सोनी के पुत्र शैलेश सोनी की वर्ष 2022 से पहले अर्जित संपत्तियों का कोई विवरण नामांकन पत्र में दर्ज नहीं किया गया है।28 से 30 एकड़ जमीन का जिक्र नहीं: आरोप है कि चुनाव आयोग से छिपाकर इतनी बड़ी जमीन इनके परिवार के नाम की गई है। स्वर्ण कला भवन का निर्माण बिना अनुमति?:* संतोष सोनी द्वारा मैहर में बनाए जा रहे स्वर्ण कला भवन की लागत करोड़ों में बताई जा रही है, लेकिन नगर पालिका से इसके निर्माण की अनुमति नहीं ली गई।

# मप्र में आदिवासियों पर लगातार अत्याचार हो रहे हैं : जीतू पटवारी

डिंडौरी (आरएनएस)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी अपने निर्धारित दौरा कार्यक्रम अनुसार आज डिंडौरी जिले के शाहपुरा और डिंडौरी विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसजनों के बीच पहुंचे जहां उन्होंने स्थानीय वरिष्ठ कांग्रेसजनों और कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक बैठकें की।

पटवारी ने इस दौरान मंडला पहंचे जहां कांग्रेस विधायक नारायण पट्टा के साथ प्रशासन द्वारा बरती गई बदसलूकी की घोर निंदा करते हुये प्रशासनिक अधिकारियों से मिले और प्रशिक्षु आईएएस आकिब खान के विरूद्ध कड़ी आपत्ति दर्ज कराते हुये कार्यवाही की मांग की। उन्होंने कहा कि जब एक विधायक प्रतिनिधि, उनकी माजी और और आदिवासी अस्मिता का अपमान प्रशासन द्वारा किया जा सकता है तो तो आम जनता का क्या हश्र होगा, प्रशासन द्वारा की जा रही हठधर्मिता से से प्रतिनिधियों की अवमानना के साथ, लोकतंत्र का सम्मान भी कम हुआ है, प्रशासन को चेतावनी देते हुये मामले पर शासकीय कर्मियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

मंडला पहुंचे पटवारी ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जोश और उत्साह देखते हुये कहा कि में आपके प्रेम और स्नेह से अभिभूत हूं। आपका उत्साह हमारे साझा संकल्प में भी शामिल है और यही यही कांग्रेस के विचार को भी जन-जन तक पहुंचाएगा! संगठन को ऊंचाइयां देगा. संघर्ष के इस दौर में हम सभी मिलकर लडेंगे और अपने लक्ष्य को हासिल करेंगे। कांग्रेस के लोगों पर बीजेपी के लोग जरा भी अराजकता करेंगे उसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

पटवारी ने कहा कि मैं कांग्रेस के एक-एक सिपाही को पूरी तरह से आश्वस्त करना चाहता हूं, जोर-जुल्म की लड़ाई में जहां आपका पसीना गिरेगा, मैं वहां अपने खून की एक-एक बूंद बहाने के लिए तत्पर हूं। यह वर्ष संगठन की मजबूती के लिए हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। इसीलिए, कांग्रेस के विचार और संस्कार को प्रदेश के गांव-गांव में पहुंचने के लिए, हम सभी संकल्पबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि हमें जनता ने विपक्ष की भूमिका दी है और हम सड़क पर रहकर उसेभमिका को पूरी जवाबदारी के साथ निभा रहे ह भारतीय जनता पार्टी ने जो वादे किए वह पूरे नहीं किया तो आप सड़क पर रहो 3100 रूपये धान के दाम 2700 रूपये गेहूं के दाम 6000 रूपये हजार सोयाबीन के दाम 450 रूपये का सिलेंडर और 3000 रूपये महिलाओं को देने के लिए भाजपा ने वादे किये थे क्या भाजपा ने यह सब वादे पूरे किये?

पटवारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी यह वर्ष संगठन-संघर्ष पर्व के रूप में मना रही हैं। संगठन को मजबूत करने के लिए पंचायत स्तर और ग्राम पंचायत स्तर पर मोहल्ला कांग्रेस कमेटियां बनायी जायेगी, जिसमें अजा, अजजा, ओबोसी, सामान्य वर्ग के लोगों को बराबरी से शामिल किया जायेगा। संविधान की पुस्तक सिर पर रखकर में संविधान की रक्षा के लिए एकजुट होना होगा, जिसके लिए गांव-गांव में पदयात्राएं की जाएगी।

## सुरक्षा और यातायात प्रबंधन के साथ तीर्थयात्रियों की सेवा कर रहे पुलिस अधिकारी

रीवां (आरएनएस)। प्रयागराज में महाकुंभ मेले के कारण रीवा संभाग के मैहर, सतना और रीवा जिले के सभी प्रमुख मार्गों पर लगातार वाहनों का दबाव बना रहा। रीवा जिले में बेला, जोगिनिहाई, गंगेव, सोहागी तथा चाकघाट में वाहनों के ठहरने की व्यवस्था की गई। प्रशासन के साथ-साथ पुलिस अधिकारी भी रात-दिन सड़कों पर तैनात रहकर व्यवस्था बनाने में जुटे रहे। सुरक्षा और यातायात प्रबंधन के साथ पुलिस अधिकारियों ने तीर्थयात्रियों को सेवाभाव से भोजन कराया। वाहन रोककर तीर्थयात्रियों को पानी तथा नाश्ता प्रदान किया। डीआईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय के मार्गदर्शन में संभाग के सभी जिलों में पुलिस अधीक्षक एवं अन्य पुलिस अधिकारी यातायात प्रबंधन तथा सुरक्षा व्यवस्था में लगातार जुटे रहे। यातायात को सुगम बनाने के लिए वाहनों के मार्ग में परिवर्तन करने, वाहनों को रोकने, टोल प्लाजा में लगने वाले जाम की समस्या को दूर करने में भी पुलिस अधिकारी मुस्तैदी से तैनात रहे। पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक लाल, प्रशिक्षु आईपीएस ओमप्रकाश लगातार भ्रमण करके स्थिति का जायजा ले रहे हैं। यातायात की दृष्टि से सबसे कठिन स्थल सोहागी घाटी तथा चाकघाट में एसडीओपी त्योंथर उदित मिश्रा एवं एसडीओपी सिरमौर उमेश प्रजापति मुस्तैदी से तैनात हैं।

# अनेकता में एकता ही हमारे देश की विशेषता है -खेल एवं युवा कल्याण मंत्री सारंग



भोपाल (आरएनएस) खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने गुरूवार को भोपाल स्थित आईकफ आश्रम, शाहपुरा में आयोजित अंतर्राज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के समापन अवसर पर हिमाचल प्रदेश से आए युवा प्रतिभागियों से संवाद किया और उनके अनुभव जाने। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि भारत विविधताओं से संपन्न देश है, लेकिन इसकी सबसे बड़ी विशेषता अनेकता में एकता है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से अन्य राज्य के युवाओं को एक-दूसरे की संस्कृति, परंपराओं, भाषा और जीवनशैली को समझने का अवसर मिला है, जिससे राष्ट्रीय एकता और सद्भाव को मजबूती मिलेगी।

मंत्री श्री सारंग ने सभी प्रतिभागियों को अपने अनुभवों को अपने राज्य में साझा करने और राष्ट्रीय एकता के संदेश को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विधायक श्री अमर सिंह यादव, नेहरू युवा केन्द्र के राज्य निदेशक श्री राकेश सिंह तोमर और भोपाल की जिला युवा अधिकारी श्रीमती निक्की राठौर भी उपस्थित थीं।

मंत्री श्री सारंग ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत-2047 के संकल्प को दोहराते हुए युवाओं को प्रेरित किया कि वे नए भारत के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँ। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति ही देश के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है और यदि युवा राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लें, तो भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने का सपना जल्द ही साकार होगा। उन्होंने युवाओं से नवाचार, तकनीक, स्वच्छता, योग, स्वास्थ्य और सामाजिक समरसता को अपनाने की अपील की, जिससे वे देश के विकास में अपना सार्थक योगदान दे सकें।

मंत्री श्री सारंग के विचारों से प्रेरित होकर हिमाचल प्रदेश से आये युवा बहुत हर्षित दिखे। युवाओं ने मंत्री श्री सारंग को हिमाचल प्रदेश आने और स्वयं के घर रुकने का न्यौता भी दिया। मंत्री श्री सारंग को हिमाचली लोक-नृत्य 'नाटी' का प्रदर्शन कर अपने नृत्य में शामिल किया। हर्षित मन से मंत्री श्री सारंग को अपने साथ थिरकते हुए देख सभी अभिभूत हुए।

पांच दिवसीय अंतर्राज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश के नाह (सिरमौर), धर्मशाला (कांगड़ा), ऊना, हमीरपुर और बिलासपुर जिलों से आए 25 युवा प्रतिभागी एवं 2 एस्कॉर्ट ने भाग लिया। इस दौरान उन्होंने भीमबेटका, बिरला मंदिर, शौर्य स्मारक, आदिवासी संग्रहालय और भोपाल के तालाबों का भ्रमण कर मध्यप्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को समीप से जाना।

कार्यक्रम में युवाओं ने श्रमदान एवं स्वच्छता अभियान में भाग लेकर परिसर की सफाई की और जागरूकता बढ़ाने के लिये प्रभातफेरी निकाली। सांस्कृतिक आदान-प्रदान के तहत हिमाचली लोक-नृत्य नाटी का भोपाल के बोट क्लब में प्रदर्शन किया गया।

# मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना किसानों के लिए वरदान -कृषि मंत्री कंषाना

भोपाल-(आरएनएस) किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना किसानों के लिए वरदान है। यह योजना प्रदेश के किसानों को आर्थिक मजबूती प्रदान कर रही है। इस योजना के तहत पात्र किसानों को प्रति वर्ष 6 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। साथ ही कृषकों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से भी 6 हजार रूपये प्रति वर्ष की सहायता मिल रही है। इस प्रकार किसानों को साल में 12 हजार रुपए प्राप्त हो रहे हैं। विगत 10 फरवरी को मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा देवास में मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 की तृतीय किस्त और कुल 11वीं किस्त का सिंगल क्लिक के माध्यम से भुगतान किया गया। योजना के तहत 81 लाख से अधिक किसानों को लाभ प्राप्त हुआ। किसानों के बैंक खातों में 1624 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की गई। योजना का लाभ पाकर प्रदेश के किसानों में खुशी की लहर है। छिंदवाड़ा जिले के किसान श्री कमल धुर्वे इसका एक उदाहरण हैं। पहले आर्थिक परेशानियों के चलते उन्हें खेती के काम में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। योजना की जानकारी मिलने पर उन्होंने आवेदन किया जिसके बाद पहली किस्त के 2 हजार रुपये उनके खाते में आ गए। श्री कमल धुर्वे कहते हैं कि यह आर्थिक सहायता छोटे किसानों के लिए बड़ा सहारा है। अब वे बिना चिंता के कृषि कार्यों में लग सकते हैं और आदानों की व्यवस्था सुगमता से कर पा रहे हैं। ग्राम गांगीवाड़ा के किसान श्री दिनेश परतेती, ग्राम चारगांव के श्री सेवकराम चौरिया, ग्राम भानादेही के श्री लालसिंह अहके, ग्राम मानेगांव के श्री संदीप सूर्यवंशी, श्री पंकज करपे और श्री राजेश कुमार करपे जैसे किसान भी इस योजना से लाभान्वित हुए हैं। इन किसानों का कहना है कि मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना ने उन्हें आर्थिक संबल दिया है, जिससे वे खेती में नए प्रयोग कर रहे हैं और अपनी आय में सुधार कर रहे हैं। यह योजना न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रही है, बल्कि उन्हें खेती के लिए प्रोत्साहित कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।



भगवान श्रीगणेश को समर्पित होता है। इस दिन भगवान गणेश की पूजा का विशेष महत्व होता है। साथ ही गणेश जी की कृपा और आशीर्वाद पाने के लिए बुधवार का व्रत भी किया जाता है। बता दें कि भगवान गणेश की पूजा करने से जातक के आय, सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है और बिगड़े काम बनने लगते हैं। ऐसे में अगर आप भी जीवन में आने वाले दुखों और संकटों से छुटकारा पाना चाहते हैं, तो बुधवार को सुबह स्नान आदि करने के बाद विधि-विधान से भगवान गणेश की पूजा करें। वहीं पूजा के दौरान श्रीगणेश को मोदक और दूर्वा जरूर अर्पित करें।



## राहत की बड़ी सौगात

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने सुस्त पड़ती आर्थिक वृद्धि को रफ्तार देने के लिए बजट में मध्यम वर्ग के लिए राहत की बड़ी सौगात दी है। यह कि 12 लाख रुपये तक की सालाना आय पर कर नहीं लगेगा जिससे लोगों के हाथ में ज्यादा पैसा बच सकेगा। फलस्वरूप घरेलू उपभोग, बचत और निवेश को बढ़ावा मिलेगा। आर्थिक गतिविधियों में रवानी आने से अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। वित्त मंत्री ने शनिवार को लोक सभा में वर्ष 2025-26 का आम बजट पेश किया जो उनका लगातार आठवां बजट रहा, जो कीर्तिमान है। इस राहत से करीब एक करोड़ लोग आयकर के दायरे से बाहर हो जाएंगे। बीमा क्षेत्र में एफडीआई सीमा बढ़ाने समेत अगली पीढ़ी के सुधारों को तेज करने का भी प्रस्ताव है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आम बजट को %ऐतिहासिक' करार देते हुए कहा है कि यह हर भारतीय के सपनों को पूरा करेगा, विकसित भारत के मिशन को आगे ले जाएगा और विकास, निवेश और उपभोग को कई गुना बढ़ाएगा'। बेशक, बजट में जिस प्रकार से आयकर से राहत दी गई है, वह बाकी सभी बजट प्रावधानों से ज्यादा महत्त्वपूर्ण दिखलाई पड़ रही है। हालांकि हर बजटीय प्रावधान खासे विमर्श के बाद किया जाता है। लेकिन आयकर में राहत महत्त्वपूर्ण है क्यों कि अरसे से इस बाबत मांग की जा रही थी। अब यह राहत मिली है, तो इसे कुछ लोग चुनाव के मद्देनजर किया गया बदलाव करार दे रहे हैं। इस साल के आखिर में बिहार और इसी फरवरी में दिल्ली में विधानसभा के चुनाव हैं। बिहार के लिए भी पैकेज घोषित किया है, और आयकर में राहत से एक अनुमान के मुताबिक, दिल्ली के 85 प्रतिशत करदाताओं को अब आयकर नहीं देना पड़ेगा।

# मोदी मंत्र से दिल्ली के अभेद्य दुर्ग को आखिरकार जीत ही गयी भाजपा

दिल्ली की चुनावी रणभूमि में अरविंद केजरीवाल की हार की सबसे बड़ी वजह रही है कि केजरीवाल के खिलाफ नरेन्द्र मोदी का खुद चेहरा बनना। वहीं रही-सही कसर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा केजरीवाल सरकार के शराब घोटाला व भ्रष्टाचार आदि के मुद्दों को उठाने ने पूरी कर दी थी।

दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के परिणाम 8 फरवरी यानी कि शनिवार को आ चुके हैं, जिसमें भाजपा ने 27 वर्ष के बाद स्पष्ट बहुमत हासिल किया है। चुनावी रणभूमि में भाजपा को 48 और आम आदमी पार्टी को 22 सीटें मिली हैं, वहीं कांग्रेस लगातार तीसरी बार बिना कोई सीट हासिल किये शुन्य की हैट्रिक लगाने में सफल रही है। भाजपा गठबंधन को आम आदमी पार्टी से 3.6 फीसदी ज्यादा मत मिले हैं, जिसके चलते वह आप से 26 सीटें ज्यादा जीतने में सफल रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा दिये गये जीत के मंत्र के दम पर ही दिल्ली चुनाव में भाजपा ने वर्ष 2020 के मुकाबले लगभग 9 फीसदी वोट ज्यादा हासिल किया है। वहीं आम आदमी पार्टी को लगभग 10 फीसदी वोटों का नुकसान हुआ है और कांग्रेस का भी 2 फीसदी वोट बढ़ गया है। वर्ष 2020 से तुलना करें तो चुनावी रणभूमि में भाजपा की 71 फीसदी स्ट्राइक रेट के साथ 40 सीटें बढ़ीं हैं, भाजपा ने 68 सीटों पर चुनाव लड़कर 48 सीटें जीतीं। वहीं आम आदमी पार्टी का स्ट्राइक रेट 31 फीसदी रहा, उसको 40 सीटों का नुकसान हुआ है। वैसे देखा जाए तो वर्ष 2014 के बाद से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुनाव दर चुनाव गैर भाजपाई सरकार वाले राज्यों में भाजपा की पताका को लहराने का कार्य बखूबी किया है, लेकिन भाजपा देश के दिल दिल्ली को जीतने में बार-बार प्रयास के बावजूद भी विफल हो रही थी, लाख प्रयास के बावजूद भी दिल्ली की चुनावी रणभूमि में भाजपा का शीर्ष नेतृत्व अरविंद केजरीवाल की कोई ठोस काट धरातल पर नहीं ढूंढ पा रहा था। वर्ष 2014 से ही केंद्र की सत्ता पर काबिज होने बावजूद भी दिल्ली की जनता बार-बार भाजपा को नकारने का कार्य कर रही थी, जो स्थिति भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को बहुत ज्यादा असहज करने वाली थी। चुनाव दर चुनाव भाजपा का शीर्ष नेतृत्व दिल्ली में अरविंद केजरीवाल सरकार का कोई तोड़ नहीं निकाल पा रहा था। भाजपा का शीर्ष नेतृत्व दिल्ली की सत्ता हासिल करने के लिए लगातार आत्ममंथन कर रहा था कि आखिरकार बार-बार कसर कहां पर रह जाती है, किसी कारण से दिल्ली का मतदाता लोकसभा चुनावों में भाजपा को गले लगा लेता है लेकिन वह विधानसभा चुनावों में दुत्कार देता है। दिल्ली के मसले पर देश के राजनीतिक गलियारों में भी केजरीवाल की सफलता का उदाहरण दिया जाने लगा था कि किस तरह से बहुत ही कम समय में वह दिल्ली के मतदाताओं के दिलों पर छा गए थे और फिर वर्ष 2013, वर्ष 2015 और 2020 में उन्होंने आम आदमी पार्टी की दिल्ली में सरकार बनाने का कार्य किया था। लेकिन इस बार दिल्ली के विधानसभा चुनावों में %मोदी मंत्र% ने स्थिति को बदलने का कार्य कर दिया है। मतदाताओं ने दिल खोलकर के भारतीय जनता पार्टी की झोली भरने का कार्य किया कर दिया है, मोदी के चहरे के दम पर ही दिल्ली विधानसभा चुनावों में 48 सीट जीतकर के 27 वर्षों के बाद सत्ता पर काबिज होने का भाजपा को अवसर मिला है। हालांकि राजनीतिक विश्लेषकों के बहुत बड़े वर्ग का मानना है कि भारतीय राजनीति में जब अरविंद केजरीवाल का पदार्पण हुआ था तो उस वक्त केजरीवाल ने दिल्ली व देश की जनता को संदेश दिया था कि वह ईमानदारी के साथ देश के विकास के लिए बिना किसी पूर्वाग्रह से पीड़ित हुए स्वच्छ गांधीवादी राजनीति करेंगे। उस वक्त केजरीवाल ने लोगों को बहुत-बहुत बड़े सपने दिखाए थे, राजनीतिक जीवन के लिए उच्च श्रेणी के मानदंड रखने का कार्य किया था, लेकिन जैसे ही वर्ष 2013 में केजरीवाल के हाथ दिल्ली की सत्ता आयी वह राजनीति में शुचिता लाने की बाद एक-एक करके भूलने लग गये थे। केजरीवाल ने गाडी, बंगाल और सुरक्षा पर बनाये गये अपने ही सिद्धांतों को सबसे पहले तिलांजलि देने का कार्य किया था, फिर केजरीवाल ने धीरे-धीरे दिल्लीवासियों को फ्री सुविधा देने का लालच देना शुरू किया और लगातार तीन बार मुख्यमंत्री बनकर के दिल्ली की सत्ता का जमकर के आनंद लिया। लेकिन इस बार वह अपने द्वारा बनाए सिद्धांतों के इसी चक्रव्यूह में बुरी तरह से फँस गए थे, क्योंकि राजनीति के लिए केजरीवाल के खुद के द्वारा तय किए गए सभी मापदंड उनके ही हाथों पूरी तरह से ध्वस्त कर दिये गये थे। दिल्ली के मतदाताओं को केजरीवाल की कथनी व करनी में स्पष्ट अंतर नज़र आने लग गया था। दिल्ली के वासियों ने करीब से देखा कि ईमानदारी, सुचिता व जमीन पर रहकर के आम आदमी से जुड़े रहने की राजनीति के सिद्धांतों पर केजरीवाल एंड कंपनी केवल फाइलों के भीतर ही अमल कर रही है, केजरीवाल का एक-एक करके साथ छोड़ते पुराने साथी पार्टी के भीतर लोकतंत्र के हाल पर जनता के बीच जाकर के गवाही दे रहे हैं, जिसका पूरा लाभ टीम मोदी ने इस बार के विधानसभा चुनावों में लिया और केजरीवाल को दिल्ली की सत्ता से बेदखल करने का काम कर दिया।

## आम आदमी पार्टी का आपदाकाल

सावन में बहुत सी बेल-बूटियां पैदा होती हैं, जिनमें से कई तो विशाल वृक्षों से लिपटती हुई उनसे भी ऊंची उठ कर इतराने लगती हैं, पर सभी जानते हैं कि कार्तिक-माघ माह आते-आते हरित सर्पणियों सरीखी ये लताएं प्राणविहीन होने लगती हैं। कारण ढूंढें तो सामने आता है कि वृक्षों के विपरीत इन लताओं की जड़ें गहरी नहीं होतीं। देश की राजनीतिक सनसनी कहे जाने वाली आम आदमी पार्टी भी लगभग उसी मार्ग पर चलती दिखाई दे रही है, जो दीपावली के राकेट की तरह एकदम उठी और कुछ देर रोशनी बिखेर कर आज उतनी ही गति से नीचे आ रही है। दिल्ली जहां पार्टी का श्रीगणेश हुआ वहां पार्टी को कमरतोड़ पराजय का सामना करना पड़ा है। केवल पार्टी ही चुनाव नहीं हारी बल्कि उन बड़े चेहरों को भी जनता ने घर का रास्ता दिखा दिया है जो पार्टी का चेहरा माने जाते हैं। और तो और पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविन्द केजरीवाल भी हार गए। 'आप' आज आपदाकाल से गुजर रही है यानि कह सकते हैं कि बेल पीली पड़ रही है। लेकिन इस आपदाकाल को आत्मज्ञानकाल बना लिया जाए तो बेल को पूरी तरह झुलसने से बचाया जा सकता है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी दल या संगठन को अलोकतांत्रिक पद्धति से नहीं चलाया जा सकता। परन्तु देखने में आता है कि 'आप' में आतंरिक लोकतंत्र का पूरी तरह अभाव है। गठन के पहले दिन से ही श्री केजरीवाल ने पार्टी को आत्मकेन्द्रित करना शुरू कर दिया। पार्टी जन्म से लेकर आज तक केवल वो ही राष्ट्रीय संयोजक के पद पर चले आ रहे हैं। अंदर से उन्हें किसी से चुनौती न मिले इसके लिए उन्होंने सबसे पहले अपने उन साथियों को किनारे करना शुरू कर दिया जो अन्ना आंदोलन में उनके साथ रहे। जनरल वीके सिंह, किरण बेदी, कुमार विश्वास, आशुतोष गुप्ता, योगेन्द्र यादव, प्रशांत भूषण आदि आदि बहुत से लोगों की लम्बी श्रृंखला है जो केजरीवाल के व्यवहार के कारण उनका साथ छोड़ते गए।

## काले साहब तो लूट के मामले में गोरों के भी बाप

विनीत नारायण

कई दशकों से देखने में आया है कि गणतंत्र या स्वतंत्रता दिवस पर शहीदों को नमन कर देशवासियों को लंबे-चौड़े वादों की सौगात देकर देश का भला करने के संकल्प लिए जाते हैं परंतु इन सब से क्या देश का भला हो सकता है?

कई देशों में प्रवासी भारतीयों ने कई क्षेत्रों में बुलंदियों को छुआ है। इसका मतलब हुआ कि भारतीयों में योग्यता की कोई कमी नहीं है। यदि सभी को सही मौका और प्रोत्साहन मिले तो कठिन से कठिन लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

अगर यह बात सही है तो फिर क्या वजह है कि खिलाडियों पर खर्चा करने की बजाय खर्चीले खेल आयोजनों पर अरबों रुपया बर्बाद किया जाता है? कुछ हजार रुपये का कर्जा लेने वाले किसान आत्महत्या करते हैं और लाखों करोड़ का बैंकों का कर्जा हड़पने वाले उद्योगपति ऐश। आधी जनता भूखे पेट सोती है और एफसीआई के गोदामों में करोड़ों टन अनाज सड़ता है। विधायिका, न्यायपालिका, कार्यपालिका और मीडिया भी ऐसी अव्यवस्था का नंगा नाच दिखाने में पीछे नहीं रहते। नतीजतन, आतंकवाद और नक्सलवाद चरम सीमा पर पहुंचता जा रहा है। सरकार के पास विकास के लिए धन की कमी नहीं है पर धन का सदुपयोग कर विकास के कामों को ईमानदारी से करने वाल पैसे-पैसे के लिए धक्के खाते हैं और नकली योजनाओं पर अरबों रुपया डकारने वाले सरकार का धन बिना रुकावट खींच ले जाते हैं। ऐसे में स्वतंत्रता दिवस या गणतंत्र दिवस का क्या अर्थ लिया जाए? यही न कि हमने आजादी के नाम पर गोरे साहबों को धक्का देकर काले साहबों को बिठा दिया। पर काले साहब तो लूट के मामले में गोरों के भी बाप निकले। स्विटजरलैंड के बैंकों में सबसे ज्यादा काला धन जमा करने वालों में भारत काफी आगे है। इसलिए जरूरत है हमारी सोच में बुनियादी परिवर्तन की।

%सब चलता है' और %ऐसे ही चलेगा' कहने वाले इस लूट में शामिल हैं। जज्बा तो यह होना चाहिए कि %देश सुधरेगा क्यों नहीं?' %हम ऐसे ही चलने नहीं देंगे'। अब सूचना क्रांति का जमाना है। हर नागरिक को सरकार के हर कदम को जांचने-परखने का हक है। इस हथियार का इस्तेमाल पूरी ताकत से करना चाहिए। सरकार चाहे किसी भी दल की क्यों न हो उसमें में जो लोग बैठे हैं, उन्हें भी अपना रवैया बदलने की जरूरत है। एक मंत्री या मुख्यमंत्री रात के अंधेरे में मोटा पैसा खाकर उद्योगपतियों के गैर-कानूनी काम करने में तो एक मिनट की देर नहीं लगाता। पर यह जानते हुए भी कि फलां व्यक्ति या संस्था राज्य के बेकार पड़े संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल कर सकती है, उसके साथ वही तत्परता नहीं दिखाता।

आखिर क्यों? जब तक हम सही और अच्छे को बढ़ावा नहीं देंगे, उसका साथ नहीं देंगे, उसके लिए आलोचना भी सहने से नहीं डरेंगे तब तक कुछ नहीं बदलेगा। नारे बहुत दिए जाएंगे पर परिणाम केवल कागजों तक सीमित रह जाएंगे। सरकारों ने अगर अपने अधिकारियों के विरोध की परवाह करते हुए अपने कार्यकालों में कई सक्षम लोगों को यदि खुली छूट न दी होती तो अमूल और मेट्रो जैसे हजारों करोड़ के साम्राज्य कैसे खड़े होते?

## साधु-संत बोले: सनातन का गर्व हैं सीएम योगी, महाकुम्भ में अभूतपूर्व व्यवस्था के लिए दिया धन्यवाद

महाकुम्भनगर। सीएम योगी द्वारा महाकुम्भ के महाआयोजन को सफल बनाने के लिए की गई अभूतपूर्व व्यवस्था को लेकर आम भक्तों, कल्पवासियों समेत साधु-संन्यासियों ने भी हर्ष जताया है। बुधवार को माघ पूर्णिमा के प्रमुख स्नान पर्व के अंतर्गत करोड़ों आस्थावान स्नानार्थियों ने त्रिवेणी संगम के संगम नोज समेत विभिन्न कच्चे-पक्के घाटों पर आस्था की डुबकी लगाई। इसमें सनातन धर्म के प्राण कहे जाने वाले सभी अखाड़ों के साधु-संत भी शामिल रहे जिन्होंने स्नान की व्यवस्था से लेकर महाकुम्भ में उन्हें मिली सुविधाओं को लेकर हर्ष जताया है। उनका कहना है कि कुम्भ सनानत धर्म को समझने और सनातन सत्य को अनुभूत करने का ऐसा माध्यम है जिसका वर्षों से आयोजन होता रहा है, मगर यह महाकुम्भ कई मायनों में विशिष्ट है। यह महाकुम्भ धर्म-अध्यात्म, पुण्य अर्जन, मानव सेवा, एकता, सत्कर्म के मूल्यों को आत्मसात करने के साथ ही डिजिटल कुम्भ और सुरक्षित कुम्भ की अनुभूति प्रदान करने वाला भी है। साधु-संतों का कहना है कि महाकुम्भ जैसे महाआयोजन में इतनी सुदृढ़ व्यवस्था वही कर सकता है जो सच्चा सनातनी हो, और यही कारण है कि सनातन के गर्व सीएम योगी आदित्यनाथ से बेहतर व्यवस्था कर पाना सबके बस की बात नहीं है।

## कैब चालक-डिलीवरी ब्वाय कामगारों की स्थिति पर चिंता

कुमार समीर

भारतीय कामगारों का वर्किंग कल्चर, स्टाइल, काम करने के घंटे हमेशा से बहस का मुद्दा रहे हैं। इस कड़ी में स्किल्ड, अन-स्किल्ड को केंद्र में रखकर विभेद की भी बात सामने आती रहती हैं।

हाल में जारी राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की एक रिपोर्ट भी इस बात की तस्दीक करती है। काम के घंटे को लेकर कुछ दिनों पहले काफी विवाद देखा गया।

इससे इतर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की हाल में जारी कैब चालक-डिलीवरी ब्वाय जैसे कामगारों (गिग वर्कर्स) की स्थिति पर चिंता व्यक्त की गई है। रिपोर्ट में साफ साफ शब्दों में माना गया है कि गिग वर्कर्स यानी ऐप आधारित कैब चालक, डिलीवरी ब्वाय या इसी तरह का अन्य काम करने वाले 83 फीसद कामगार रोजाना चुनौतियों का सामना करते हुए औसतन दस घंटे से भी अधिक काम कर रहे हैं। नतीजतन इन कामगारों को न सिर्फ शारीरिक बल्कि मानसिक तनाव का भी सामना करना पड़ता है।

रिपोर्ट में टारगेट डिलीवरी को खतरनाक माना गया है और कहा गया है कि गिग वर्कर्स को एक निश्चित समयावधि में समान की डिलीवरी करनी होती है। समय पर टारगेट पूरा नहीं होने से शारीरिक, मानसिक रूप से तनाव बढ़ता है। रिपोर्ट में गिग वर्कर्स के लिए मौजूदा रेटिंग प्रणाली पर कड़ी आपत्ति व्यक्त की गई है और इसे मनमानी करार देते हुए इसकी समीक्षा पर बल दिया गया है। कई बार बेहतर काम करने के बावजूद इन गिग वर्कर्स को खराब रेटिंग मिलती है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने इन गिग वर्कर्स की चुनौतियों को दूर करने व सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए नियामक ढांचा तैयार करने और इसके जरिए लक्षित प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया गया है। इनकी चुनौतियों में लंबे समय तक काम करना, वित्तीय तनाव और शारीरिक थकावट शामिल है। इनके लिए थोड़ी राहत वाली बात यह है कि झारखंड, कर्नाटक और राजस्थान जैसे कुछ राज्य इन्हें सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, लेकिन स्वास्थ्य बीमा, न्यूनतम मजदूरी, तनाव मुक्त कार्य स्थितियों से संबंधित उनकी अन्य चिंताओं को दूर करने के लिए और अधिक प्रयास करने की जरूरत है। हालांकि केंद्र सरकार ने इस आगामी 2025-26 वित्तीय वर्ष के बजट में देश के गिग वर्कर्स जिनकी संख्या एक करोड़ से भी अधिक है, उन सभी कामगारों को पहचान देने के लिए पंजीकरण करने और आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने का प्रावधान किया गया है।

## सोशल मीडिया पर छाया दिव्य-भव्य महाकुम्भ, टॉप ट्रेंड में रहा माघ पूर्णिमा का महापर्व

महाकुम्भ नगर। माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर महाकुम्भ का दिव्य और भव्य नज़ारा सोशल मीडिया पर छाया रहा। श्रद्धालुओं की अपार भीड़ और आध्यात्मिक उल्लास के बीच, ष्माघट्टपूर्णिमाट्टमहाकुम्भ एक्स (ट्विटर) पर नंबर वन ट्रेंड करता रहा। इस पवित्र अवसर पर आए लोगों ने अपने अनुभव साझा किए, जिससे पूरे देश में उत्साह और भक्ति का माहौल बन गया।

त्रिवेणी तट पर आस्था की लहरें उमड़ पड़ीं। गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में डुबकी लगाने के लिए देशभर से श्रद्धालु पहुंचे। स्नान के दौरान 'हर हर गंगे' और 'जय श्रीराम' के गगनभेदी जयघोष से पूरा महाकुम्भ क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। इस अद्भुत नज़ारे को श्रद्धालुओं ने अपने कैमरों में कैद कर सोशल मीडिया पर साझा किया, जिससे महाकुम्भ की दिव्यता और भव्यता चारों ओर फैल गई। इस आयोजन की भव्यता को और भी खास बनाया पुष्पवर्षा ने। हेलीकॉप्टर से होने वाली पुष्पवर्षा ने श्रद्धालुओं के मन को प्रफुल्लित कर दिया। संगम के जल में आस्था की डुबकी लगाते हुए श्रद्धालुओं ने अपने परिवार और समाज की खुशहाली की कामना की। कई यूजर्स ने इसे 'जीवन का सबसे पवित्र और अविस्मरणीय अनुभव' बताया।

## क्या अब विपक्षी एकता कायम रहेगी?

वर्तमान राजनीतिक उतार चढ़ाव का अध्ययन किया जाए तो यह कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी राजनीतिक दल सत्ता में आने के लिए एक होने की क़वायद कर चुके हैं, लेकिन यह क़वायद परवान नहीं प्राप्त कर सकी।

राजनीति में कब क्या हो जाए, कुछ भी नहीं कहा जा सकता। इसलिए ही तो राजनीति को अनिश्चितता का खेल कहा जा सकता है। लेकिन ज़ब राजनेता और राजनीतिक दल इस धारणा को तिलांजलि देते दिखाई देते हैं, तो उस अवस्था को अति आत्म विश्वास के भाव में व्यक्त किया जाता है। अति आत्मविश्वास का होना सदैव विनाशकारी और आत्म घातक माना जाता है। ऐसा ही दुखद अध्याय दिल्ली विधानसभा के चुनाव में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। इस चुनाव में आम आदमी पार्टी के नेताओं का व्यवहार निश्चित ही ऐसा होता जा रहा था, जो अति विश्वास को ही परिलक्षित करने वाला ही था। हालांकि किसी किसी भी चुनाव के दो पहलू होते हैं। किसी भी चुनाव क्षेत्र में केवल एक ही व्यक्ति विजय प्राप्त करता है, शेष सभी पराजित ही होते हैं। पराजय निश्चित रूप से गलती सुधारने का अवसर प्रदान करती है। आम आदमी पार्टी इस पराजय को अपनी भूल सुधार के लिए स्वीकार करेगी, यह होना चाहिए, लेकिन आम आदमी पार्टी के नेता ऐसा करने की मानसिकता में दिखाई नहीं देते। इसका कारण यही है कि उनमें राजनीतिक दल की सरकार को चलाने का अनुभव नहीं है। आम आदमी पार्टी के नेताओं का अभी भी यह मानना है कि उनकी पार्टी मात्र दो प्रतिशत के अंतर से हारी है, लेकिन उनको पता होना चाहिए कि एक प्रतिशत का अंतर भी राजनीति का दृश्य बदल सकता है। इसलिए यही कहा जा सकता है कि हार तो हार होती है, उसके तर्क का सहारा लेकर मन को दिलासा दी जा सकती है, जीत नहीं मानी जा सकती।

वैसे विपक्ष को इसकी आदत सी हो गई है कि वह हार को आसानी से स्वीकार नहीं कर पाता। पिछले लोकसभा के चुनाव परिणाम आने के बाद भी ऐसी ही तस्वीर दिखाने का प्रयास किया गया कि विपक्ष ने मानो सरकार बनाने लायक़ जीत हासिल कर ली हो, लेकिन तस्वीर का असली चेहरा कुछ और ही था। वर्तमान राजनीतिक उतार चढ़ाव का अध्ययन किया जाए तो यह कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी राजनीतिक दल सत्ता में आने के लिए एक होने की क़वायद कर चुके हैं, लेकिन यह क़वायद परवान नहीं प्राप्त कर सकी। लोकसभा चुनाव के समय इंडी गठबंधन बनाकर तमाम भाजपा विरोधी दलों ने कई राज्यों में एकता का दिखावा किया। लेकिन कई राज्यों के विधानसभा चुनाव के समय इंडी गठबंधन के दल एक साथ न होकर बिखरे हुए दिखाई दिए। अब आगे चलकर एकता के प्रयास किए तो जाएंगे, लेकिन वे एक साथ हो जाएंगे, इस बात की संभावना बहुत कम दिखाई देती है। सीधे अर्थों में कहा जाए तो विपक्षी एकता को कई बार झटके लग चुके हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की हार विपक्ष की एकता के लिए एक और बड़ा झटका माना जा रहा है। कांग्रेस ने जिस प्रकार से आम आदमी पार्टी को सत्ता से बाहर करने का सुनियोजित षड्यंत्र किया, वह चुनाव परिणाम आने के बाद पूरी तरह से सामने आ गया। ऐसी स्थिति में अब कांग्रेस और आम आदमी पार्टी एक मंच पर आएंगे, इस बात की संभावना बहुत कम ही है। हालांकि कांग्रेस की ओर अपनाई गई यह रणनीति कोई नई बात नहीं है। कई दलों को ऐसा झटका मिल चुका है, स्वयं आम आदमी पार्टी ने हरियाणा में ऐसा ही राजनीतिक खेल खेलकर कांग्रेस को सत्ता में आने से रोक दिया था। जहां तक विपक्षी एकता की बात है तो इसकी जड़ों में मट्ठा डालने का काम खुद इंडी गठबंधन या भाजपा विरोधी राजनीतिक दलों ने किया है। कई राज्यों में एक दूसरे के विरोध में ताल ठोकने वाले यह दिखावे की एकता वाले राजनीतिक दल आगे भी ऐसी ही नीति का अनुसरण करेंगे, इस बात की गुंजाईश ज्यादा दिखाई देती है। क्योंकि गठबंधन में शामिल होने का दावा करने वाले राजनीतिक दल किसी भी दल से पीछे रहने की मानसिकता में दिखाई नहीं देते। कांग्रेस भी इसी मानसिकता से ग्रसित दिखाई देती है। राज्यों तक प्रभाव रखने वाले क्षेत्रीय राजनीतिक दल कांग्रेस को बेहद कमजोर मानकर व्यवहार कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कई बार कांग्रेस को आईना दिखाते हुए व्यवहार किया है। ऐसी स्थिति में पश्चिम बंगाल में कांग्रेस और ममता बनर्जी की पार्टी एक साथ आकर पश्चिम बंगाल का विधानसभा चुनाव लड़ेंगे, दूर की बात दिखती है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने भी कांग्रेस को ज़मीन दिखाने के प्रयास में खुद के लिए आत्म घाती रास्ता तैयार किया। यह बात सही है कि आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल अपने आपको कांग्रेस से बड़ा मानने लगे थे, इसलिए ही कांग्रेस से किनारा करके चुनाव मैदान में कूद गए, और पहली बार सत्ता से दूर हो गए। वर्तमान राजनीतिक स्थिति में कब क्या हो जाए, कुछ कहा नहीं जा सकता। इसलिए राजनेताओं को बड़े बोल बोलने से हमेशा बचना चाहिए। लेकिन अरविंद केजरीवाल यहां पर चूक गए। उन्होंने जिस प्रकार की भाषा का प्रयोग किया, वह उनके अहंकार का ही परिचायक कहा जा सकता है। अब केजरीवाल को स्वयं समझ जाना चाहिए कि व्यवहार ऐसा होना चाहिए, जो प्रिय लगे। कहा जाता है कि क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के उभार ने कांग्रेस का बंटाधार करने का ही काम किया है। कहीं कहीं यह भी सत्य है कि कांग्रेस के अप्रिय व्यवहार के चलते ही इन क्षेत्रीय दलों का गठन हुआ। इसलिए यह क्षेत्रीय राजनीतिक दल कांग्रेस के साथ मिलकर आसानी से चुनाव लड़ेंगे, यह उचित प्रतीत नहीं होता। कई राज्यों में यह भी दिखाई दिया कि जिन क्षेत्रीय दलों के साथ कांग्रेस ने समझौता किया, उन राज्यों में कांग्रेस तो डूबी ही, साथ में साथ आने वाले दलों को भी डुबा दिया। कहीं कहीं कांग्रेस को डूबता हुआ जहाज तक कहा गया। आज कांग्रेस की मजबूरी यह है कि उसे तिनके की जरूरत है।

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आपके ऊपर भगवान की कृपा बनी रहेगी और आप अच्छे काम करेंगे। आज आपका मन भावनत्मक तौर पर अधिक मजबूत रहेगा।

वृष राशि: आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज आप किसी प्रकार की किसी लंबी यात्रा पर जा सकते हैं, जहां आपको व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए नए अवसर प्राप्त होंगे और कोई बड़ी डील भी प्राप्त हो सकती है,

मिथुन राशि : आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आप का मन आज किसी बात को लेकर बहुत अधिक प्रसन्न रहेगा। आप मन ही मन फूले नहीं समाएंगे। आध्यात्मिकता से अपने मन को बहुत अधिक शांत रखने की कोशिश करेंगे।

कर्क राशि : आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपका आपके जीवन साथी के साथ किसी बात को लेकर चल रहा वाद विवाद आज समाप्त हो सकता है।

सिंह राशि : आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आपको आज समाज में मान सम्मान मिलेगा जिससे आपका मन बहुत ही संतुष्ट रहेगा। आपका मन धार्मिक कार्यक्रमों में लगा रहेगा।

कन्या राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज कार्यस्थल की व्यवस्था में कुछ परिवर्तन लाने की भी जरूरत है। टूर एंड ट्रेवल्स और मीडिया संबंधी व्यवसाय में सुधार आएगा।

तुला राशि : आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बिजनेस में बहुत संजीदगी और गंभीरता से काम करने की जरूरत है। व्यापार बढ़ाने की योजनओं पर एक बार फिर से विचार करेंगे। कोई भी छोटा-बड़ा फैसला लेते समय किसी एक्सपर्ट की सलाह से आपको मुनफा होगा।

वृश्चिक राशि : आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। घर में सुखद और अच्छा माहौल रहेगा, शाम का समय बड़े बुजुर्गों के साथ बिताएंगे। यदि किसी कारण से कुछ खोने का डर है तो आप निश्चिंत हो जाए ऐसा कुछ नही होने वाला क्योंकि आज आपका दिन आपके फेवर में है।

धनु राशि: आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपको अपने खर्चो के प्रति सावधान रहन होगा। आप व्यर्थ के खर्चो पर अधिक ध्यान न दें,

मकर राशि : आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपका धन आज किसी शुभ काम में अधिक खर्च होगा, जिससे आपका मन भी प्रसन्न होगा, जिससे उनको शांति भी मिलेगी।

कुंभ राशि : आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। अगर आपका किसी कारण से मन परेशान है, तो उसे शांत रखने के लिए आप अपने बच्चों के साथ थोड़ा सा समय बताएं, तो आपका मन अच्छा हो जाएगा।

मीन राशि : आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। काम क्षेत्र में आपके कामों की वाहवाही होगी और आपको आपकी मेहनत का पूरा



राकांपा-सपा प्रमुख शरद पवार द्वारा शिवसेना को तोड़ने वाले महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को सम्मानित करने पर निराशा व्यक्त करने के बाद, उद्धव ठाकरे सेना गुट का नेतृत्व अपने स्वयं के उन सांसदों से भी नाराज है जो शिंदे और उनके गुट के साथ मेलजोल रखते रहे हैं। यह पता चलने के बाद कि यूबीटी सेना के कई सांसद शिंदे और अन्य लोगों से मिल रहे हैं, और यहां तक ??कि उस कार्यक्रम में भी मौजूद थे,



# मार्सिले में भारतीय वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन, भारत-फ्रांस संबंधों का नया अध्याय : पीएम मोदी

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि मार्सिल में भारतीय वाणिज्य दूतावास का खुलना एक %ऐतिहासिक क्षण है और यह भारत-फ्रांस संबंधों में एक नया अध्याय है।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, मार्सिले में एक ऐतिहासिक क्षण! राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और मैंने इस जीवंत शहर में भारतीय वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन किया, जो भारत-फ्रांस संबंधों में एक नया अध्याय है। यह वाणिज्य दूतावास एक महत्वपूर्ण सेतु के रूप में काम करेगा, जो हमारे सांस्कृतिक, आर्थिक और लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करेगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, भारत के साथ मार्सिले के संबंध सर्वविदित हैं। प्रथम विश्व युद्ध के दौरान यह भारतीय सैनिकों के लिए एक महत्वपूर्ण बेस था। इस शहर का वीर सावरकर से भी गहरा संबंध है। इस विशेष उद्घाटन पर मैं फ्रांस सरकार को धन्यवाद देता हूं और भारतीय प्रवासियों को बधाई देता हूं।

प्रधानमंत्री मोदी ने 2023 में फ्रांस की यात्रा के दौरान इस दूतावास की योजना का ऐलान किया था।

नए महावाणिज्य दूतावास के उद्घाटन से न केवल भारत और फ्रांस के रिश्ते गहरा होने की उम्मीद है, बल्कि फ्रांस के दक्षिण में वाणिज्यिक संबंधों को भी मजबूती मिलेगी। मार्सिले वैश्विक शिपिंग मार्गों के चौराहे पर स्थित है और दक्षिणी यूरोप के लिए प्राकृतिक प्रवेश द्वार के रूप में स्थित है।

विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कहा कि फ्रांस में पहला भारतीय वाणिज्य दूतावास खोलना भारत-फ्रांस रिश्तों के मजबूत होने का प्रमाण है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ मार्सिले में मजारग्यूज युद्ध कब्रिस्तान का दौरा किया और विश्व युद्धों में शहीद होने वाले भारतीय सैनिकों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस में 'एआई एक्शन समिट' के दौरान अपने संबोधन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और बहुत सी चीजों को बेहतर बना कर लाखों लोगों के जीवन को बदलने में मदद कर सकता है।

पेरिस के ग्रैंड पैलेस में आयोजित सम्मेलन में पीएम मोदी ने कहा, शासन का मतलब सभी के लिए पहुंच सुनिश्चित करना भी है, खास तौर पर ग्लोबल साउथ में। एआई स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और बहुत सी चीजों को बेहतर करके लाखों लोगों के जीवन को बदलने में मदद कर सकता है।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'एआई एक ऐसी दुनिया बनाने में मदद कर सकता है जिसमें विकास लक्ष्यों की यात्रा आसान और तेज हो जाए। ऐसा करने के लिए, हमें संसाधनों और प्रतिभाओं को एक साथ लाना होगा। हमें ओपन-सोर्स सिस्टम विकसित करना होगा जो विश्वास और पारदर्शिता को बढ़ाए। हमें पूर्वाग्रहों से मुक्त गुणवत्तापूर्ण डाटा सेट बनाना होगा। पीएम मोदी ने इसके बाद भारत के इंडिया एआई मिशन का जिक्र करते हुए कहा कि इस समय भारत एआई को अपनाने में दुनिया के कई देशों का नेतृत्व कर रहा है। पीएम मोदी ने भारत में एआई के सकारात्मक इस्तेमाल का जिक्र करते हुए कहा कि भारत में एआई ऐप को जनता की सेवा करने के लिए डेवलप कर रहे हैं। भारत में एआई के डेटा प्राइवेसी को लेकर भी कई कदम उठाए गए हैं। हमारे पास दुनिया का सबसे बड़ा एआई टैलेंट है। भारत खुद का लार्ज लैंग्वेज मॉडल तैयार कर रहा है। हमारे पास एक यूनीक पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल है, जो संसाधनों को अफोर्डेबल कॉस्ट पर पब्लिक के लिए उपलब्ध कराता है। प्रधानमंत्री मोदी, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ एआई एक्शन शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता कर रहे हैं।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों पेरिस में 14वें फ्रांस सीईओ फोरम में।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने मार्सिले के मजारग्यूस युद्ध कब्रिस्तान में भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की.

# नोटिस पर अनिल विज ने कहा, इसे मीडिया में लीक किसने किया, पार्टी चाहे तो करे जांच

अंबाला (आरएनएस)। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली के खिलाफ बयान देने पर पार्टी ने हरियाणा सरकार में मंत्री अनिल विज को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब मांगा था। इस पर उन्होंने कहा कि मैंने इसका जवाब भेज दिया। लेकिन इसे मीडिया में लीक किसने किया, उसकी पार्टी चाहे तो जांच करा ले।

उन्होंने कहा, मैं पिछले कई दिन से बेंगलुरु में था। वापस आया, तो मुझे तीन दिन का समय दिया गया था और मैंने रात में ही जवाब भेज दिया। मैंने उसमें लिखा कि अगर और कोई जानकारी चाहिए तो वह बताएं, मैं वह भी लिखकर दे दूंगा। जितना मैं याद रख सका, जितना सोच सका, मैंने सब लिख कर दे दिया।

उन्होंने कहा, मुझे इस नोटिस के बारे में मीडिया से ही पता चला। मैंने इसे कहीं सार्वजनिक नहीं किया, बंद लिफाफे में डालकर भेजा था। जो चिट्ठी मैंने लिखी थी, उसे मैंने मिटा दिया और उसके कतरे जेब में रख लिए हैं। नोटिस मुझे मीडिया के माध्यम से ही मिला, मीडिया में छपा था।

उन्होंने कहा, यह सवाल है कि दो लोगों के बीच हो रहा इतनी गोपनीय बातचीत, मीडिया में कैसे आई? इसे कौन लीक कर रहा है? पार्टी चाहे तो इसकी जांच करा सकती है, नहीं करना चाहती, तो उनकी मर्जी है।

बता दें कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के समय अनिल विज ने मुख्यमंत्री के हेलीकॉप्टर में चढ़कर और उससे उतरकर जनता की समस्याओं को सुनने की बात कही थी। इसके साथ ही, कसौली दुष्कर्म मामले के बाद उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली से इस्तीफा मांगा था।

ज्ञात हो कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली ने कैबिनेट मंत्री अनिल विज को जारी नोटिस में लिखा है कि, अनिल विज जी, आपको यह सूचित किया जाता है कि आपने हाल में पार्टी के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री के खिलाफ सार्वजनिक तौर पर बयान दिए हैं। ये बयान गंभीर हैं और पार्टी के अनुशासन व नियमों के विरुद्ध हैं।

आपका यह कदम पार्टी की विचारधारा के प्रतिकूल है और विशेषकर उस समय किया गया, जब पार्टी पड़ोसी राज्य में चुनाव प्रचार में लगी हुई थी। चुनावी माहौल में एक मंत्री के रूप में ऐसी बयानबाजी करना पार्टी की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा सकता है, जिसकी आपको जानकारी थी। इसलिए ये बयान अस्वीकार्य है। राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशों के अनुसार आपको यह कारण बताओ नोटिस जारी किया जा रहा है। आपसे आग्रह है कि तीन दिन के अंदर इस मामले पर लिखित रूप में स्पष्टीकरण दें।

### सनातन संस्कृति से खिलवाड़ करने वाले देशद्रोही हैं ः धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री

छतरपुर (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में स्थित बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने यूट्यूब पर चलने वाले 'इंडियाज गॉट लेटेंट' शो में की गई अभद्र और अमर्यादित टिप्पणी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि सनातन संस्कृति से खिलवाड़ करने वाले देशद्रोही हैं।

## महाकुंभ मेला : संगम में डुबकी लगाते ही बुजुर्ग के हाथ लगी एक अनोखी चीज, देखने के लिए दूर-दूर से आ रहे श्रद्धालु; बोले- असंभव!

प्रयागराज (आरएनएस)। महाकुंभ के जश्न में जुटे श्रद्धालुओं का सैलाब दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। माघ पूर्णिमा के दिन सुबह आठ बजे तक 1.4 करोड़ श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई और आने वाले भक्तों का सिलसिला अभी भी जारी है।

इसी बीच एक ऐसी घटना घटी, जिसने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया। एक बुजुर्ग का दावा है कि संगम में डुबकी लगाते समय उनके हाथ एक अनोखे कछुए से लगे, जिसकी बॉडी पर पीले रंग में अंग्रेजी के अक्षर—जैसे ,, ए,बी,सी,डी —लिखे हुए थे। बुजुर्ग ने बताया कि अचानक अपने पैरों के पास हलचल महसूस होने पर उन्होंने पानी में हाथ डाला और उन्हें यह कछुआ मिला। उन्हें यह घटना इतनी अद्भुत लगी कि वे कछुए को अपने साथ लेकर आए।

इस घटना को लेकर कुछ लोग इसे महाकुंभ के दौरान हुई एक चमत्कारी घटना मान रहे हैं, जबकि अन्य इसे अंधविश्वास या धोखाधड़ी का मामला कहकर खारिज कर रहे हैं। कछुए की बॉडी पर लिखे अक्षरों को कुछ लोग प्राकृतिक पैटर्न या आकस्मिक निशान मानते हैं, वहीं कुछ इसे कुदरत के करिश्मे के रूप में देख रहे



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला नई दिल्ली में संसद भवन में हार्वर्ड बिजनेस स्कूल के पूर्व छात्र समूह के साथ बैठक करते हुए.

## पेपर लीक पर न्यायिक फटकार : हाईकोर्ट ने उठाए आरपीएससी की कार्यशैली पर सवाल

जयपुर (आरएनएस)। राजस्थान में एसआई भर्ती घोटाले को लेकर हाईकोर्ट ने आरपीएससी की निष्क्रियता पर कड़ी नाराजगी जताई। जस्टिस समीर जैन की अध्यक्षता वाली बेंच ने आरपीएससी के कार्यवाहक चेयरमैन कैलाश चंद्र मीणा से सीधे सवाल किया—जब आयोग के दो सदस्यों के नाम सामने आए, तो एफआईआर दर्ज कराने की जिम्मेदारी आपकी नहीं थी?

आरपीएससी में कुछ भी संभव— हाईकोर्ट हाईकोर्ट ने मौखिक टिप्पणी करते हुए पूछा, क्या आरपीएससी का कोई धणी-धोरी है? अदालत ने कहा कि आयोग पूरे मामले में साइलेंट मोड में है, जबकि इतनी गंभीर अनियमितताएँ उजागर हो रही हैं। एसओजी के एडीजी वीके सिंह ने कोर्ट को बताया कि पहले आरपीएससी में इस तरह की गड़बड़ियाँ होती थीं, लेकिन अब ऐसा नहीं हो रहा। इस पर हाईकोर्ट ने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा—जो अब हो रहा है, वो 3-4 साल बाद पता चलेगा। ईडी की एंट्री तय, हाईकोर्ट सख्त याचिकाकर्ता ने प्रवर्तन निदेशालय को पार्टी बनाने के लिए आवेदन दायर किया था। इस पर हाईकोर्ट ने स्पष्ट कर दिया कि अब इसकी जरूरत नहीं, क्योंकि अदालत पहले ही ईडी को जांच में शामिल करने के आदेश दे चुकी है।

# शीतकालीन यात्रा में पीएम मोदी के भाग लेने से होगी राज्य की ब्रांडिंग : सीएम धामी

देहरादून (आरएनएस)। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दिसंबर 2024 से शुरू शीतकालीन यात्रा को प्रदेश के लिए अहम बताया । उन्होंने दावा किया कि इस यात्रा का शुभारंभ हमारे राज्य के लिए आने वाले समय में समृद्धि का एक बड़ा कारण बनेगा। सीएम धामी ने बुधवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि यह यात्रा पूरे वर्ष भर चलेगी और इसका राज्यवासियों को बहुत अच्छा अनुभव मिलेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शीतकालीन यात्रा में भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि अगर प्रधानमंत्री मोदी इस यात्रा में भाग लेंगे, तो निश्चित रूप से इससे राज्य की ब्रांडिंग पूरे विश्व में होगी। उन्होंने उदाहरण भी दिए। धामी बोले, जब भी प्रधानमंत्री मोदी कहीं जाते हैं, तो पूरी दुनिया का ध्यान उस दिशा में जाता है जैसे वह आदि कैलाश गए थे या केदारनाथ में गुफा में प्रवास कर रहे थे। उसके बाद वहां तीर्थ यात्रियों और श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोतरी हुई। अगर प्रधानमंत्री मोदी शीतकालीन यात्रा में शामिल होते हैं, तो इससे प्रदेश समृद्ध होगा और उत्तराखंड के पर्यटन क्षेत्र को भी एक नई दिशा मिलेगी। बता दें कि पीएम मोदी 27 फरवरी को शीतकालीन प्रवास पर आएंगे। हालांकि, अभी तक आधिकारिक कार्यक्रम नहीं मिला है। पीएम मोदी के दौरे के मद्देनजर शासन तैयारियों में जुट गया है। माना जा रहा है कि पीएम मोदी इस दिन उत्तरकाशी जिले में स्थित गंगोत्री धाम के शीतकालीन गद्दीस्थल मुखबा का दौरा करने के साथ ही हर्षिल या बगोरी में रात्रि विश्राम कर सकते हैं।

## प्राइवेट पार्टस पर लटकाए डंबल, फिर नुकीली वस्तुओं से किए वार.. रैगिंग की सारी हदें पार

कोट्टयम (आरएनएस)। शैक्षिक संस्थानों में रैगिंग की खबरें सामने आती रहती हैं। सीनियर्स द्वारा जूनियर्स की रैगिंग करना आम बात हो गई है लेकिन कई बार ये रैगिंग सारी हदें पार कर जाती है। जैसे कि केरल के कोट्टयम में सरकारी नर्सिंग कॉलेज में रैगिंग के दौरान हुआ। इस संबंध में कुछ पीड़ित छात्रों ने पुलिस में शिकायत दी है। पुलिस ने थर्ड ईयर के पांच छात्रों को गिरफ्तार किया है।?आरोपियों पर आरोप है कि इन्होंने कम्पास और इसी तरह की वस्तुओं का उपयोग करके साथी छात्रों को चोटें पहुंचाईं। पुलिस के अनुसार, फर्स्ट ईयर के छात्रों को नग्न अवस्था में खड़े होने के लिए मजबूर किया गया जबकि उनके वरिष्ठ छात्रों ने उनके निजी अंगों से डंबल लटकाए। पीड़ितों को ज्यामिति बॉक्स से कंपास सहित नुकीली वस्तुओं से भी घायल किया गया। इसके बाद पीड़ित छात्रों के घावों पर लोशन लगाया गया। जब पीड़ित छात्र दर्द से चिल्लाने लगे, तो जबरन उनके मुंह में लोशन लगा दिया गया।



बिहार में संत गुरु रविदास की जयंती पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दी श्रद्धांजलि.



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बेंगलुरु में एयरो इंडिया के मौके पर जिम्बाब्वे के रक्षा मंत्री ओप्पा चार्म जेड मुचिंगुरी काशीरी से मुलाकात की।

# गौरव गोगोई और उनकी पत्नी के पाकिस्तान कनेक्शन की जांच होनी चाहिए : हिमंत बिस्वा सरमा

नई दिल्ली (आरएनएस)। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बुधवार को गौरव गोगोई और उनकी पत्नी एलिजाबेथ को पाकिस्तान के प्रतिष्ठान से जोड़ने वाली रिपोर्ट्स पर टिप्पणी दी। उन्होंने कहा कि इस मामले में गंभीर सवाल उठते हैं, जिन्हें बिना जवाब दिए नहीं छोड़ा जा सकता। मुख्यमंत्री सरमा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर गोगोई की पत्नी पर लगे कुछ आरोपों का जिक्र किया। कहा कि पाकिस्तान दूतावास में भारतीय युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और ब्रेनवॉश करने के आरोप की गहन जांच होनी चाहिए। हिमंत बिस्वा सरमा ने एक्स पर लिखा, आईएसआई से संबंध, युवा व्यक्तियों को ब्रेनवॉश करने और कट्टरपंथी बनाने के लिए पाकिस्तान दूतावास में ले जाने और पिछले 12 वर्षों से भारतीय नागरिकता लेने से इनकार करने के आरोपों के बारे में गंभीर सवालों के जवाब दिए जाने की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त, धर्मांतरण कार्टेल में भागीदारी और राष्ट्रीय सुरक्षा को अस्थिर करने के लिए जॉर्ज सोरोस सहित बाहरी स्रोतों से धन प्राप्त करना गंभीर चिंता का विषय है जिसे अनदेखा नहीं किया जा सकता है।

उन्होंने आगे लिखा, किसी बिंदु पर, जवाबदेही आवश्यक होगी। केवल जिम्मेदारी से बचना या दूसरों पर ध्यान केंद्रित करने का प्रयास करना आसान बचने का रास्ता नहीं होगा। राष्ट्र पारदर्शिता और सच्चाई का हकदार है। सीएम सरमा की यह टिप्पणी उस समय आई है जब हाल ही में कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में गौरव गोगोई और उनकी पत्नी के पाकिस्तानी प्रतिष्ठान से संभावित संबंधों और राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने की गतिविधियों के बारे में चिंता जताई गई थी। इन रिपोर्ट्स ने राजनीतिक हलकों में खलबली मचा दी है और अब सीएम सरमा ने इस मामले को गंभीर बताते हुए जांच की आवश्यकता पर जोर दिया है।

### लोग काम नहीं करना चाहते क्योंकि उन्हें मुफ्त का राशन मिल रहा: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली (आरएनएस)। आज एक अहम मामले में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव में राजनीतिक पार्टियों के मुफ्त के वादे करने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि इससे लोगों की काम करने की इच्छा नहीं होगी क्योंकि उन्हें राशन और पैसे मुफ्त मिलते रहेंगे। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ शहरी क्षेत्रों में बेघर व्यक्तियों के आश्रय के अधिकार से संबंधित एक मामले की सुनवाई कर रही थी जस्टिस गवई ने कहा कि दुर्भाग्य से,



तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री का मेगा परिवार एक बार फिर सुर्खियों में है, जिसमें चल रही अफवाहों से इसके सदस्यों के बीच दरार की ओर इशारा किया जा रहा है। इस चर्चा के केंद्र में कोई और नहीं बल्कि अल्लू अर्जुन हैं, जिनका नाम अक्सर सुर्खियों में आता रहता है, जिससे उनके विस्तारित परिवार के साथ तनाव की अटकलें लगाई जाती हैं।ताज़ा चर्चा? रिपोर्ट्स बताती हैं कि अल्लू अर्जुन के चचेरे भाई राम चरण ने उन्हें सोशल मीडिया पर अनफॉलो कर दिया है। गेम चेंजर स्टार के इंस्टाग्राम पर एक नज़र डालने से पता चलता है कि वह अब, को फॉलो नहीं करते हैं।



# 44 की उम्र में कटआउट ड्रेस पहन श्वेता तिवारी ने सोशल मीडिया पर बरपाया कहर



भोजपुरी इंडस्ट्री से बॉलीवुड तक का सफर तय करने वाली एक्ट्रेस श्वेता तिवारी आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। वो आए दिन अपनी शोख अदाओं से फैंस को इस कदर दीवाना बनती हैं कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं।

अब हाल हे में एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस की निगाहें उन पर से हटने का नाम नहीं ले रही हैं।

श्वेता तिवारी जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही फैंस के बीच तबाही मचाने लगता है।

एक्ट्रेस की इन लेटेस्ट फोटोज में आप देख सकते हैं उन्होंने ब्राउन कलर का स्टाइलिश कटआउट बॉडीकॉन ड्रेस पहना हुआ है। एक्ट्रेस अपने इस लुक में बेहद ही शानदार नजर आ रही हैं। बालों का हाई बन बनाकर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है। इन फोटोज में उनका किलर लुक देखकर फैंस भी मंत्रमुग्ध हो गए हैं।

बॉलीवुड एक्ट्रेस श्वेता तिवारी आए दिन अपनी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस के बीच लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। एक्ट्रेस 44 साल की हो चुकी हैं, लेकिन आए दिन अपनी हॉटनेस से फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। इन तस्वीरों में उनका बोल्ड और सेक्सी अंदाज देखकर लोगों की नजरें उनपर से हटने का नाम नहीं ले रही हैं।

## अदिवी शेष की पैन-इंडिया फिल्म गुडाचारी 2 से जुड़ीं वामिका गब्बी, पहली झलक आई सामने

विनय कुमार सिरिगिनीदी द्वारा निर्देशित बहुप्रतीक्षित स्पाई थ्रिलर जी2, डायनामिक अदिवी शेष के साथ एक सिनेमेटिक ट्रीट बनने का वादा करती है, जो स्पाई थ्रिलर का नेतृत्व करती है. इस महत्वकांक्षी पैन इंडिया एक्शन फ्रैंचाइज में उनके साथ इमरान हाशमी के साथ वामिका गब्बी भी शामिल हैं. मेकर्स द्वारा वामिका की विशेषता वाला एक नया पोस्टर जारी किया गया है, जिसमें उन्हें अदिवी शेष के साथ एक शक्तिशाली और रहस्यमय पोज में दिखाया गया है और इस प्रभावशाली स्टारकास्ट के साथ, जी2 एक ट्रू पैन इंडिया स्पेक्टेकल बनने जा रहा है. पोस्टर में फैंस के लिए आने वाली गहन और मनोरंजक कहानी का संकेत दिया गया है, जिसमें वामिका रहस्यमयी अदिवी शेष के विपरीत मुख्य भूमिका में नजर आएंगी,

# इम्तियाज अली और संजय लीला भंसाली के साथ काम करना चाहती हैं रश्मि देसाई

अभिनेत्री रश्मि देसाई कई सफल टीवी शो में काम कर चुकी हैं। हालांकि, कुछ निर्देशकों के साथ वह काम नहीं कर पाई हैं। उन्होंने अपनी ख्वाहिश का इजहार किया और बताया कि कौन-कौन से निर्देशकों के साथ वह काम करना चाहती हैं।

रश्मि देसाई ने कहा, मैंने यह कई बार कहा है और आज फिर कहूंगी। मैं इम्तियाज अली और संजय लीला भंसाली के साथ काम करना चाहती हूं। मैं ऑडिशन देने के लिए तैयार हूं और मुझे उम्मीद है कि मुझे इस जीवन में उनके साथ काम करने का अवसर जरूर मिलेगा। जिस तरह से वे लोगों को जीवन के प्रति एक नया नजरिया देते हैं, वह बहुत खूबसूरत है।

उनसे जब यह पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि बॉलीवुड, टीवी कलाकारों को टाइपकास्ट करता है। इस पर उन्होंने जवाब देते हुए कहा, वे करते हैं, कठिनाई जीवन का एक हिस्सा है। जब आप कड़ी मेहनत करते हैं, जब आप अच्छा काम करते हैं, तो आपको अपने परिश्रम का फल जरूर मिलता है। आपको चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। वे आपको टीवी एक्टर, ओटीटी एक्टर, फिल्म एक्टर बनाते हैं, लेकिन मुझे लगता है, एक एक्टर एक एक्टर है।



रश्मि देसाई आखिरी बार व्यंग्य एक्शन कॉमेडी 'हिसाब बराबर' में नजर आई थीं। फिल्म की कहानी लिखने के साथ निर्देशन भी अश्विनी धीर ने ही किया। फिल्म का निर्माण जियो स्टूडियो ने एसपी सिनेकॉर्प के सहयोग से किया है।

# विदामुयार्ची 2025 के टॉप 5 हाईएस्ट ग्रॉसर में शामिल, पहले वीकेंड में इन देशों में की ताबड़तोड़ कमाई

साउथ सुपरस्टार अजित कुमार की हालिया फिल्म विदामुयार्ची बॉक्स ऑफिस पर अच्छा रन कर रही हैं. फिल्म दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 100 का आंकड़ा पार कर ली है. वही, घरेलू बॉक्स ऑफिस पर इसने 60 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की है. सैकनिल्क रिपोर्ट के मुताबिक, अजित कुमार, तृषा कृष्णन की नई फिल्म विदामुयार्ची 6 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई. फिल्म ने पहले दिन भारत में 26 करोड़ रुपये के साथ ओपनिंग की. वहीं नार्थ अमेरिका में सबसे बड़ी ओपनिंग करने वाली फिल्म बनकर उभरी. मगिज थिरुमेनी की निर्देशित फिल्म ने दूसरे दिन घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 10.25 करोड़ रुपये का बिजनेस किया. शनिवार को फिल्म के कलेक्शन में बढ़ोतरी देखी गई. तीसरे दिन फिल्म ने 13.5 करोड़ रुपये कमाए. हालांकि चौथे दिन फिल्म के कलेक्शन में 11.70 प्रतिशत की गिरावट हुई और फिल्म ने 11.92 करोड़ रुपये ही कमा पाई. इन 4 दिनों के बाद विदामुयार्ची का घरेलू बॉक्स ऑफिस पर कुल 61.67 करोड़ रुपये हो गया है. एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री ट्रैकर रमेश बाला ने विदामुयार्ची का वीकेंड कलेक्शन साझा किया है. रिपोर्ट के मुताबिक, न्यूजीलैंड में विदामुयार्ची पहले ही वीकेंड में एके की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है. इसने न्यूजीलैंड में पहले वीकेंड में लगभग 21 लाख रुपये कमाए हैं. साथ सऊदी अरब में विदामुयार्ची एके की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है. रिपोर्ट के मुताबिक, विदामुयार्ची 2025 में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तमिल फिल्म बन गई है और भारतीय सिनेमा की टॉप 5 फिल्मों की लिस्ट में भी शामिल हो गई है.

# जावेद जाफरी की ऊप्स! अब क्या? का ट्रेलर जारी, तीन पीढ़ियों की महिलाओं के प्यार की दिखाई गई झलक

डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर आने वाले आगामी शो ऊप्स! अब क्या? के निर्माताओं ने इसका ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसमें तीन पीढ़ियों की महिलाओं के जीवन की झलक दिखाई गई है, जिसमें वे प्यार की जटिलताओं से जूझती हैं।

आने वाली सीरीज प्यार के अपने-अपने सफर में हर पीढ़ी के सामने आने वाली चुनौतियों, भावनाओं और अनुभवों को दिखाने का प्रयास किया गया है। शो में श्वेता बसु प्रसाद, आशिम गुलाटी, जावेद जाफरी, सोनाली कुलकर्णी, अभय महाजन, अपरा मेहता और एमी ऐला हैं।

ट्रेलर में तीन पीढ़ियों की महिलाओं के बीच होने वाले मजेदार और दिल को छू लेने वाले ड्रामा की झलक दिखाई गई है। इन महिलाओं को प्यार, परंपरा और आधुनिक जीवन के बीच संतुलन बनाने की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

शो के बारे में बात करते हुए श्वेता बसु ने कहा, जिस क्षण मैंने ऊप्स! अब क्या? की स्क्रिप्ट पढ़ी, मुझे पता था कि यह एक पागलपन भरा सफर होने वाला है। मेरे किरदार की जिंदगी कुछ ही सेकंड में पूरी तरह से व्यवस्थित से पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो जाती है, और इसे बहुत ही हास्य और दिल से दिखाया गया है। यह प्यार, हंसी और पागलपन के बीच खुद को खोजने की कहानी है। मुझे पता है कि दर्शकों को इसे देखने में और भी मजा आएगा। तो अपने कैलेंडर पर रिलीज की तारीख को चिन्हित कर लें।

जावेद जाफरी ने कहा, मुझे ऊप्स! अब क्या? में जो बात पसंद आई, वह यह है कि यह जीवन की बेतुकी बातों से दूर नहीं भागती। हास्य तीखा है, भावनाएं वास्तविक हैं, और किरदार भरोसेमंद हैं। ट्रेलर दिखाता है कि जीवन कितना अप्रत्याशित और मजेदार हो सकता है। यह एक ऐसी कहानी है जो परिवार, प्यार और रिश्तों के साथ-साथ हंसी के बारे में भी है। यह काफी धमाकेदार होने वाली है!

सोनाली कुलकर्णी ने कहा, जब जीवन में उतार-चढ़ाव आते हैं, तो कभी-कभी केवल हंसना ही एकमात्र काम होता है- और यही बात ऊप्स! अब क्या? के बारे में है। अपनी बेटी की पागलपन भरी यात्रा का समर्थन करते हुए खुद की चुनौतियों का सामना करने वाली आधुनिक मां की भूमिका निभाना वाकई एक अविश्वसनीय अनुभव था। ऊप्स! अब क्या? का निर्देशन प्रेम मिस्त्री और देबात्मा मंडल ने किया है और डाइस मीडिया ने इस शो का निर्माण किया है। यह शो 20 फरवरी से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर प्रीमियर होगा।

## नागा चैतन्य-साई पल्लवी की लव स्टोरी ने दुनियाभर में मचाई तबाही, थंडेल की तीसरे दिन की कमाई ने तोड़ा रिकॉर्ड

नागा चैतन्य और साई पल्लवी की स्टारर थंडेल 7 फरवरी को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई, इसे हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज किया गया. फिल्म दर्शकों को काफी पसंद आ रही है वहीं यह घरेलू कलेक्शन के साथ ही दुनियाभर में जबरदस्त कमाई कर रही है. थंडेल में नागा मछुआरे के ग्रुप के लीडर होते हैं और मछली पकड़ने के दौरान कुछ मछुआरों के साथ वे पाकिस्तान के जलक्षेत्र में प्रवेश कर जाते हैं. अपने 3 महीने की छुट्टी में वे ज्यादातर टाइम उनकी गर्लफ्रेंड साई पल्लवी के साथ बिताते हैं. फिल्म की कहानी प्यार, बदला, साहस, देशभक्ति की भावना से भरपूर है और इस अनोखी लव स्टोरी को दुनियाभर के दर्शक खूब प्यार दे रहे हैं. थंडेल के मेकर्स ने हाल ही में फिल्म का वर्ल्डवाइड कलेक्शन सोशल मीडिया पर फैंस के साथ शेयर किया है. बता दें थंडेल ने दुनियाभर में तीन दिन में 62.37 करोड़ का कलेक्शन किया है

# केमिकल फ्री हर्बल डिओड्रेंट घर पर कैसे बनाएं? यहां जानिए पैसे बचाने का अनोखा तरीका

मौसम करवट बदलने लगा है. दिन में तेज धूप और रात में ठंड हो रही है.दिन में बाहर निकलने पर अब थोड़ा पसीना आने लगा है. बाहर के तापमान से शरीर का तापमान बैलेंस करने के लिए शरीर पसीना बनाता है. पसीना आने के साथ इसकी बदबू की समस्या भी गर्मियों में ज्यादा देखने को मिलती है. ऐसे में बदबू से बचने के लिए लोग डिओड्रेंट का इस्तेमाल करते हैं. यूं तो बाजार में कई सारे डिओड्रेंट के ऑप्शन मौजूद हैं. लेकिन इन सभी में केमिकल होते हैं. अगर आप अपने पैसे बचाना चाहते हैं और केमिकल-फ्री प्रोडक्ट यूज करना चाहते हैं तो आप घर पर ही हर्बल डिओड्रेंट बना सकते हैं. आइए जानते हैं इसके बारे में.

खीरा और पुदीना से तैयार करें डिओड्रेंट

यह डिओड्रेंट स्प्रे स्किन को रिफ्रेशिंग और कूलिंग इफेक्ट देता है. खीरे से स्किन को ठंडक मिलती है, वहीं पुदीना एक रिफ्रेशिंग अहसास करवाता है. विच हेजल से पसीने को कम करने में नेचुरली मदद मिलती है.

इन चीजों की पड़ेगी जरूरत

आधा कप खीरे का रस

एक चौथाई कप विच हेजल

5-6 बूंदें पेपरमिंट एसेंशियल ऑयल

5-6 बूंदें नींबू एसेंशियल ऑयल

खीरा और पुदीना का डिओड्रेंट कैसे बनाएं?



सभी सामग्री को एक स्प्रे बोतल में मिला लें.

आपका डिओड्रेंट स्प्रे बनकर तैयार है.

इस्तेमाल करने से पहले अच्छी तरह हिलाएं. नीम और चंदन पाउडर से बनाएं डिओड्रेंट आप नीम और चंदन पाउडर की मदद से डिओड्रेंट बनाकर इस्तेमाल कर सकती हैं. जहां नीम बैक्टीरिया से लड़ने के साथ-साथ बदबू को रोकता है. वहीं, चंदन की खुशबू से आप पूरा दिन महकते हैं.

इन चीजों की पड़ेगी जरूरत

2 चम्मच नीम पाउडर

2 चम्मच चंदन पाउडर

1 चम्मच बेंटोनाइट क्ले

4-5 बूंदें लैवेंडर एसेंशियल ऑयल

नीम और चंदन पाउडर का डिओड्रेंट कैसे बनाएं?

सबसे पहले एक बाउल में सभी पाउडर को मिला लें.

अब इसमें एसेंशियल ऑयल डालकर मिक्स करें.

अब आप इसे एक कंटेनर में स्टोर करें.

डिओड्रेंट को पाउडर पफ या उंगलियों की मदद से लगाया जा सकता है.

लैवेंडर और नारियल दूध से बनाएं डिओड्रेंट

नारियल के दूध और लैवेंडर की मदद से डिओड्रेंट बनाना भी एक अच्छा आइडिया है. जहां नारियल का दूध स्किन को नमी देता है, वहीं लैवेंडर की खुशबू काफी अच्छी लगती है.

इन चीजों की पड़ेगी जरूरत

2 बड़े चम्मच नारियल का दूध

2 बड़े चम्मच बेकिंग सोडा

1 बड़ा चम्मच अरारोट पाउडर

5-6 बूंदें लैवेंडर एसेंशियल ऑयल


डिओड्रेंट बनाने का तरीका

सबसे पहले नारियल का दूध, बेकिंग सोडा और अरारोट पाउडर को अच्छी तरह मिक्स कर लें, जिससे चिकना पेस्ट बन जाए.

अब इसमें लैवेंडर ऑयल डालकर अच्छी तरह मिक्स करें.

तैयार डिओड्रेंट को स्टोर करें और थोड़ी मात्रा में इस्तेमाल करें.

# ब्यूटी ब्लेंडर को आसानी से साफ करने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके



ब्यूटी ब्लेंडर का उपयोग मेकअप में एक अहम भूमिका निभाता है। यह चेहरे पर मेकअप को समान रूप से लगाने में मदद करता है, लेकिन इसका सही तरीके से सफाई करना भी उतना ही जरूरी है।

अगर इसे ठीक से साफ नहीं किया जाए तो यह बैक्टीरिया का घर बन सकता है और त्वचा पर दाने या संक्रमण पैदा कर सकता है।

आइए आज हम आपको ब्यूटी ब्लेंडर को आसानी से साफ करने की कुछ सरल टिप्स देते हैं।

गुनगुने पानी और साबुन का उपयोग करें

ब्यूटी ब्लेंडर की सफाई के लिए सबसे आसान तरीका गुनगुने पानी और साबुन का उपयोग करना है।

लाभ के लिए सबसे पहले एक कटोरी में गुनगुना पानी लें और उसमें थोड़ा सा माइल्ड फेसवॉश या बेबी शैंपू मिलाएं। अब अपने ब्यूटी ब्लेंडर को इस मिश्रण में डुबोएं और हल्के हाथों से निचोड़ें ताकि सारा मेकअप निकल जाए। इसके बाद इसे साफ पानी में धोकर सुखा लें।

माइक्रोवेव विधि अपनाएं

माइक्रोवेव विधि ब्यूटी ब्लेंडर की सफाई के लिए असरदार है।

इसके लिए एक माइक्रोवेव-सुरक्षित कप में पानी भरें और उसमें थोड़ा लिक्विड सोप मिलाएं। अब ब्यूटी ब्लेंडर को इसमें डालकर कप को माइक्रोवेव में 30 सेकंड तक गर्म करें। इस प्रक्रिया से बैक्टीरिया मर जाते हैं और स्पंज पूरी तरह साफ हो जाता है।

ध्यान रखें कि कप को माइक्रोवेव से निकालते समय सावधानी बरतें क्योंकि यह गर्म हो सकता है।

जैतून के तेल का प्रयोग करें

अगर आपके ब्यूटी ब्लेंडर पर जिद्दी दाग हैं तो जैतून तेल आपकी मदद कर सकता है।

एक प्लेट में थोड़ा जैतून तेल डालें और उसमें स्पंज को घुमाएं ताकि तेल हर जगह लग जाए। यह प्रक्रिया दागों को ढीला करने में मदद करती है। इसके बाद इसे साबुन वाले पानी में अच्छी तरह से धोएं ताकि सारा तेल और दाग निकल जाएं।

यह तरीका आपके स्पंज को मुलायम बनाए रखेगा और उसकी सफाई भी सुनिश्चित करेगा।

सिरका और नींबू का मिश्रण आजमाएं

सिरका और नींबू का मिश्रण ब्यूटी ब्लेंडर की सफाई के लिए एक बेहतरीन उपाय है। ये प्राकृतिक क्लीनिंग एजेंट्स बैक्टीरिया हटाने में मदद करते हैं। एक कटोरी में बराबर मात्रा में सिरका और नींबू का रस मिलाएं, फिर इसमें अपने ब्यूटी ब्लेंडर को कुछ मिनटों के लिए भिगो दें ताकि गंदगी ढीली हो जाए। इसके बाद इसे ठंडे पानी से अच्छी तरह धो लें। यह प्रक्रिया आपके स्पंज को साफ कर देती है।

ब्रश क्लीनिंग पैड का इस्तेमाल करें ब्रश क्लीनिंग पैड का उपयोग ब्यूटी ब्लेंडर की सफाई के लिए बहुत कारगर होता है। सबसे पहले पैड पर हल्का साबुन लगाएं, फिर अपने स्पंज को इस पर गोल-गोल घुमाते हुए रगड़ें। इससे स्पंज में फंसी गंदगी आसानी से बाहर आ जाती है और वह पूरी तरह से साफ हो जाता है।

# शब्द सामर्थ्य -324

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

**ऊपर से नीचे**

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | ■ | 5 | | 6 |
| | ■ | 7 | | | 8 | ■ | ■ | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ | |
| | ■ | 12 | | | ■ | 13 | 14 | |
| ■ | 15 | | ■ | ■ | ■ | 16 | | ■ |
| ■ | | ■ | 17 | ■ | ■ | ■ | 18 | 19 |
| ■ | 20 | 21 | | 22 | ■ | 23 | | |
| 24 | ■ | | ■ | 25 | | | ■ | |
| ■ | 26 | | | | ■ | ■ | 27 | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 323 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पी | चि | दं | ब | र | म | ■ | ■ | स |
| ट | ■ | भ | ला | ई | ■ | अ | स | म |
| ना | म | ■ | ■ | स | मा | धि | ■ | झ |
| ■ | ज | ■ | बे | ■ | न | का | र | ना |
| बा | बू | ■ | आ | य | क | र | ■ | ■ |
| ■ | र | की | ब | ■ | ■ | ■ | प्र | था |
| ज | ■ | ■ | रू | प | क | ■ | ज | न |
| हा | ■ | पा | ■ | ना | म | ची | न | ■ |
| ज | हां | प | ना | ह | ■ | ता | न | ना |




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना हनुमानताल में मोह. जाबिर उम्र 45 वर्ष निवासी गुरंदी दिलवार होटल के पीछे बेलबाग ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह बेल्डिंग का काम करता है अपने लड़के निशार को टिफिन देने फूटाताल चौक में पोशाक टेलर की दुकान गया था जहां उसका बेटा काम करता है उसके लड़के निशार का विवाद दिन में लगभग 2-30 बजे फूटाताल मैदान में अदनान, और इमरान और उनके साथी से मोटर सायकल में टक्कर लगने के कारण हुआ था उसके बाद उसका बेटा जहां काम करता है वहां आ गया था

**निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने सभी बकायादारों से अपील की है कि समस्त बकाया करों की राशि निगम में जमा कर निगम प्रशासन की अप्रिय कार्यवाही से बचें**

# ब्यौहार बाग स्थित वर्मा शैल कम्पनी पेट्रोल पंप को बकाया राशि जमा करने 3 दिवस का नोटिस जारी



**बकायादारों के विरूद्ध कुर्की की कार्रवाई लगातार जारी**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार राजस्व वसूली अभियान लगातार चलाया जा रहा है। आज संभाग क्रमांक 11 राजागोकुलदास धर्मशाला के अंतर्गत बड़े करदाताओं के विरूद्ध कुर्की की कार्रवाई की जारक करदाताओं को बकाया करों की राशि जमा करने नोटिस जारी एवं चस्पा किये गए हैं। निर्धारित समय पर करों की राशि जमा नहीं करने वाले करदाताओं के विरूद्ध आगे अब बड़ी कार्रवाई की जायेगी। अपर आयुक्त श्रीमती अंजू सिंह ठाकुर ने बताया कि संभाग क्रमांक 11 राजागोकुलदास धर्मशाला के अंतर्गत पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड अंतर्गत श्रीमती अंजलि बाथरे बकाया राशि 11 लाख 79 हजार 1 सौ 49, ब्यौहार बाग स्थित वर्मा शैल कम्पनी पेट्रोल पंप बकाया राशि 1 लाख 71 हजार रूपये, रानी अवंती बाई वार्ड अंतर्गत मो. रियाज मो. अदबाय, मो. हमीद बकाया राशि 12 लाख 20 हजार 9 सौ 56 रूपये, शेख अख्तर, शेख मुकम बकाया राशि 2 लाख 3 हजार 8 सौ 5 रूपये, मो. अनवर कुरेशी पिता शेख अख्तर बकाया राशि 1 लाख 15 हजार 3 सौ 3 रूपये एवं मो. अजहर कुरैशी पिता शेख अख्तर बकाया राशि 1 लाख 15 हजार 3 सौ 3 रूपये बकाया होने पर कुर्की की कार्रवाई की गयी। कार्रवाई के दौरान राजस्व निरीक्षक नरेन्द्र सिंह राजपूत, कर संग्रहिता कृष्ण कुमार यादव, रोहित कोरी, सतीश विश्वकर्मा, स्नेह शुक्ला, रामनारायण चौधरी, नोटिस सर्वर लक्ष्मण, दिलीप, वीरेन्द्र वाडिवा एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

**आज शनिवार एवं रविवार अवकाश दिवस में भी करदाताओं की सुविधा के लिए खुले रहेगें नगर निगम के सभी कैश काउंटर**

**बकाया करों की राशि जमा करने एवं किरायेदारी दर्ज कराने करदाताओं से निगमायुक्त ने की अपील**

जबलपुर। नगर निगम द्वारा निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानसुर सभी वार्डो में राजस्व वसूली अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिनके द्वारा अभी तक बकाया करों की राशि जमा नहीं की गयी है उनके विरूद्ध कार्रवाई भी की जा रही है। उपायुक्त पी.एन. सनखेरे ने बताया कि निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार करदाताओं की सुविधा के लिए आज शनिवार एवं रविवार अवकाश दिवस में भी सभी कैश काउंटर खुले रहेगें। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने सभी करदाताओं एवं सभी शासकीय विभागों एवं संस्थाओं के प्रमुखों से भी अपील की है कि सभी करदाता शनिवार एवं रविवार अवकाश के दिन निगम प्रशासन द्वारा प्रदत सुविधा का लाभ उठाकर समस्त बकाया कारों की राशि का भुगतान करें, किरायेदारी दर्ज कराएँ एवं निगम की अप्रिय कार्यवाही से बचें।

# खाली भूमि का अधिग्रहण करने की गई कार्रवाई



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार सभी संभागों में बकाया राजस्व वसूली का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज संभाग क्रमांक 6 के पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड अंतर्गत दीनदयाल चौक आई.एस.बी.टी. में पटैल ढावा कार बाजार के बाजू से खाली पड़ी लगभग 30 हजार वर्गफुट भूमि पर सम्पत्ति दर्ज न होने की स्थिति में भूमि स्वामी को अनेकों बार सम्पर्क एवं दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर नोटिस दिये गए, परन्तु भूमि स्वामी के द्वारा किसी भी प्रकार की रूचि नहीं दिखाई गई। सम्पत्ति दर्ज न होने की स्थिति में भूमि को अधिग्रहण करने की कार्यवाही की गयी।

संभागीय अधिकारी सतेन्द्र चक्रवर्ती, राजस्व निरीक्षक अरविन्द्र श्रीवास्तव, विमल मुकुन्द नामदेव, सहायक राजस्व निरीक्षक वसीम मोहम्मद, जय कुमार केवट, अभिषेक महतो एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## इंडिया वुड लकड़ी और फर्नीचर निर्माण में नवाचार को प्रेरित करने के 25 साल

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। में उन्नति और विकास के एक चौथाई शतक को चिह्नित करते हुए, , वुडवर्किंग और फर्नीचर निर्माण के लिए प्रमुख व्यापार मेला, 6-9 मार्च 2025 को इंडिया एक्सपो मार्ट और सेंटर (ढ्ढश्वरू), ग्रेटर नोएडा, दिल्ली एनसीआर में आयोजित किया जाएगा। के वैश्विक लकड़ी कार्य पोर्टफोलियो का हिस्सा, यह मील का पत्थर संस्करण भारत की निर्माण शक्ति के रूप में उभरने और फर्नीचर और लकड़ी कार्य उद्योग में एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी के रूप में इसकी स्थिति को दर्शाता है।25 साल की धरोहर- स्थानीय प्रदर्शन से वैश्विक प्रभाव तक अपनी स्थापना से, इंडिया वुड ने उद्योग के विकास को आकार दिया है, एक ही मंच पर निर्माता, आपूर्तिकर्ता, प्रौद्योगिकी नेता और पेशेवरों को एकत्र किया है। पिछले ढाई दशकों में, इसने प्रौद्योगिकी में प्रगति, सतत प्रथाओं, और वैश्विक सहयोगों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज, जब भारत वैश्विक फर्नीचर उत्पादकों में शीर्ष पांच देशों में स्थान रखता है और अपने फर्नीचर निर्यात को हर साल 20त्न बढ़ाने के लिए तैयार है, इंडिया वुड उद्योग की प्रगति के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में जारी है। 2025 में 25.75 बिलियन अमेरिकी डॉलर का मूल्यांकन किया गया भारतीय फर्नीचर बाजार 2030 तक 37.18 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।

**हितकारिणी गोरखपुर शाला में स्मृति दिवस का आयोजन**

# समय के पाबंद थे करेचा जी



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। स्व. प्रभुलाल जी करेचा का व्यक्तित्व बेहद मिलनसार, मित्रवत, कर्मठ और कर्तव्यनिष्ठ रहा। वे समय के बेहद पाबंद थे। षिक्षा के क्षेत्र में उनके किए गए कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उक्त बांतें हितकारिणी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोरखपुर में स्व. प्रभुलाल करेचा के स्मृति दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों ने कहीं। इस अवसर पर विविध खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हितकारिणी विज्ञान, वाणिज्य एवं कला महाविद्यालय के शासी निकाय अध्यक्ष षिवदत्त मिश्रा, मुख्य अतिथि संकुल रामपुर के प्रधानाचार्य विषाल झारिया और अरूण प्यासी रहे। इस दौरान प्राचार्य डॉ मयूराक्षी पाठक, प्रधानाध्यापिका अर्चना बख्शी, विद्या परिषद के सह संयोजक राजीव श्रीवास्तव, शेखर खंपरिया, रवि चौबे सहित स्टाफ और स्टुडेंट उपस्थित रहे।

## ज्योतिर्लिंग के साथ द्वारका एवं शिर्डी यात्रा के लिए रवाना होगी आईआरसीटीसी की भारत गौरव पर्यटक ट्रेन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश के तीर्थ यात्रियों के लिए इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) द्वारा भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। दिनांक 25.03.2025 को रीवा शहर से ज्योतिर्लिंग के साथ द्वारका एवं शिर्डी यात्रा के लिए रवाना होगी। यह ट्रेन मध्यप्रदेश रीवा, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, इटारसी, रानी कमलापति, शुजालपुर, इंदौर, देवास, उज्जैन एवं रतलाम स्टेशनों से होते हुए जाएगी, जहाँ से यात्री इस ट्रैन पर सवार हो सकेंगे। 10 रातें/11 दिनों की इस यात्रा में द्वारका, सोमनाथ, त्रिम्ब्केश्वर, शिरडी, भीमाशंकर एवं घृष्णेश्वर के दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराया जायेगा। इसके लिए यात्रियों को रु. 20,700/- प्रति व्यक्ति (स्रु - इकॉनामी श्रेणी), रु. 34,600/- प्रति व्यक्ति (३ष्ट - स्टैण्डर्ड श्रेणी) एवं रु. 45,900/- प्रति व्यक्ति (2ष्ट - कम्फर्ट श्रेणी) किराया देना होगा। आईआरसीटीसी,इस सर्व समावेशी टूर की पेशकश कर रहा है,जिसमें भारत गौरव ट्रेन के विशेष एलएचबी रेक में आरामदायक रेल यात्रा,ऑन-बोर्ड और ऑफ-बोर्ड भोजन,सड़क परिवहन और गुणवत्तायुक?त बसों में दर्शनीय स्थलों की यात्रा,यात्रा कार्यक्रम के अनुसार आवास की व्यवस्था,यात्रा में टूर एस्कॉर्ट्स,यात्रा बीमा,ऑन-बोर्ड सुरक्षा और हाउसकीपिंग की सेवा शामिल है। इक्छुक पर्यटक इसकी बुकिंग आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर ऑनलाइन व अधिकृत एजेंट से भी करा सकते है। इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी व बुकिंग के लिए आईआरसीटीसी के भोपाल, जबलपुर एवं इंदौर रेल्वे स्टेशन कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

**आरपीएफ विभाग बना सेमीफाइनल का विजेता**

## जबलपुर रेल मंडल में अंतर विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता में वाणिज्य एवं आरपीएफ विभाग के बीच में खेला गया दूसरा रोमांचक सेमीफाइनल क्रिकेट मैच



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर रेल मंडल में अंतर विभागीय खेलकूद क्रिकेट प्रतियोगिता पुरुष आयोजन रेलवे स्टेडियम में किया जा रहा है आज के दूसरे सेमीफाइनल क्रिकेट मैच के मुख्य अतिथि वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉक्टर मधुर वर्मा, मंडल कार्मिक अधिकारी श्री वरुण चतुर्वेदी एवं सहायक वाणिज्य प्रबंधक श्री ग्रेसियस नाजरत क्रिकेट मैच में मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से मिलकर परिचय प्राप्त किया सेमीफाइनल वाणिज्य और आरपीएफ के बीच खेला गया जिसमें वाणिज्य विभाग ने 6 विकेट के नुकसान पर 64 रन बनाए जवाबी पारी खेलने आई आरपीएफ की टीम ने इस लक्ष्य को पांच विकेट के नुकसान पर नो ओवर में पूरा कर लिया और इस मैच को जीतकर फाइनल में प्रवेश किया आरपीएफ की ओर से राजीव खरब ने 15 रन और 2 विकेट लिए और वह इस मैच के मैन ऑफ द मैच रहे। आज के मैच के अंपायर रहे विक्रम जनसारी, कैलाश यादव, हसन अली रहे। इसके साथ ही पुरुष बैडमिंटन के फाइनल मैच आर पी एफ एवं परिचालन विभाग के बीच खेला गया जिसमे आर पी एफ ने विजय हासिल की और तीसरे स्थान पर टीआरओ विभाग रहा एम्पायर श्री ललित दहिया एवं गुलाम घोष अंसारी रहे। कल महिला एवं पुरुष के बास्केटबॉल और वॉलीबॉल के मैच 4-30 बजे से खेले जाएंगे।

अंतर विभागीय प्रतियोगिता में खेलकूद अधिकारी श्री सुबोध विश्वकर्मा, सहायक कार्मिक अधिकारी श्री शचीपति नंदन, मंडल खेलकूद सचिव श्री सुबोध मुकुन्द गोसावी, रोशन यादव, रामदयाल सनोडिया एवं अन्य उपस्थित थे।

# पैशन का आयोजन मोहब्बत दिल का सुकून





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पैशन म्यूजिक के द्वारा वैलेंटाइंस डे के अवसर पर शहीद स्मारक सभागार में संगीत निशा का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय कलाकारों ने एक से बढ़कर एक रोमांटिक युगल गीत प्रस्तुत किये, साथ ही भव्य प्रॉप डांस का प्रदर्शन भी हुआ। कार्यक्रम में सत्यमी त्रिपुड़े एवं मनोहर सोनी ने अतिथियों का स्वागत किया । जादूगर एस.के. निगम ने सभी को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सलिल तिवारी, चंदू गावण्डे ,डा. अनिल बाजपेइ,अतुल तिवारी, कमलकांत उपाध्याय ,जी.वी सतीश, प्रवीण डोंगरे, अनुज श्रीवास्तव, प्रशांत सोनी ,मनीष श्रीवास्तव ,सारिका विश्वकर्मा ,भक्ति बावरिया, रुचिरा श्रीवास्तव,रचना श्रीवास्तव तृप्ति मिश्रा, वर्षा यादव ,प्रीति मंडल ने अपनी आवाज से समां बाधा।संचालन मनोहर सोनी ने किया। कार्यक्रम के प्रमुख गीत थे मोहब्बत दिल का सुकून, तुमसे मिलना बातें करना, ना कजरे की धार, आपके प्यार में हम सवरने लग,तौबा तुम्हारी ये इशारे ,मुझे नींद ना आए, तुम्हारी नजर क्यों खफा होगी, किसी पर दिल अगर आ जाए ,चाहे रहो दूर चाहे रहो पास, हम तुम एक कमरे में बंद है ,काली तेरी चोटी है, रेशम जैसी है राहे,हम तो तेरे आशिक हैं ,सांसों का चलना दिल का मचलना आदि प्रमुख थे।सम्माननीय अतिथि श्री राजेश पाठक 'प्रवीण' ने सभी

**कलाकारो को सम्मानित किया।**

प्रारम्भ डॉ आनंद तिवारी,प्रतुल श्रीवास्तव, विजय जायसवाल,डॉ भारत भूषण झा, एकता अग्रवाल,आचार्य विजय किसलय,रविशंकर श्रीवास्तव,डॉ सलमा जमाल,मोती शिवहरे,श्रीकांत काले ,संतोष नेमा,मृगेंद नारायण सिंह,का स्वागत किया गया।

## एमजी हेक्टर का अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ वैल्यू फॉर मनी एसयूवी का स्थान बरकरार

**बेहद कम स्वामित्व लागत - मेंटेनेंस खर्च मात्र 500 रुपये प्रति माह**

मुबंई (आरएनएस) जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया की प्रमुख एसयूवी, एमजी हेक्टर भारतीय कार खरीदारों के लिए लगातार पहली पसंद बनी हुई है, जो बगैर भारी कीमत के स्टाइल, स्पेस, आराम और अत्याधुनिक तकनीक की तलाश में हैं, साथ ही 500 रुपये प्रति माह का कम मेंटेनेंस खच. 'प्रीमियम हैचबैक की तुलना में कम मेंटेनेंस खर्च के साथ, एमजी हेक्टर 2024 में एसयूवी श्रेणी में एक स्मार्ट निवेश के रूप में उभरकर सामने आई है। भारत की पहली इंटरनेट एसयूवी - एमजी हेक्टर ने अपनी लॉन्चिंग के बाद से ही भारतीय एसयूवी उत्साही लोगों में अपनी एक अलग पहचान बनाई है।

यह लक्ज़री, दक्षता और बोल्ड आइकोनिक डिज़ाइन का एक बेमिसाल संयोजन है। तकनीक-आधारित सुविधाओं से लैस और आरामदायक सवारी प्रदान करने वाली हेक्टर आधुनिक ड्राइवर की जरूरतों को पूरा करती है। एमजी हेक्टर अपनी कम कुल स्वामित्व लागत, उच्च रीसेल वैल्यू और उत्कृष्ट गुणवत्ता के कारण उद्योग में एक बेंचमार्क स्थापित कर रही है। 2019 में लॉन्च की गई भारत की पहली इंटरनेट एसयूवी एमजी हेक्टर ने एसयूवी बाजार में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। अपने ड्यूल पैन पैनोरमिक सनरूफ जैसी कुछ बेहतरीन पेशकशों के साथ, एमजी हेक्टर का डीजल वेरिएंट एसयूवी के शौकीनों के लिए एक बेहतरीन पैकेज है, जो पावर और परफॉरमेंस की तलाश में हैं, साथ ही इसमें तकनीक और बेहतरीन परफॉरमेंस का भी जोड़ है। उद्योग जगत में सबसे बेहतरीन 35.56 सेमी (14 इंच) एचडी इंफोटेनमेंट सिस्टम, 75 से अधिक कनेक्टेड कार फीचर्स, एडवांस्ड सेफ्टी ऑफरिंग्स, डुअल-पैन पैनोरमिक सनरूफ और अन्य समान रूप से आकर्षक समावेशन के साथ, हेक्टर को एसयूवी के शौकीनों को असाधारण और विशिष्ट अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

**भेड़ाघाट स्थित ओशो होम आश्रम पहुंचे स्वामी विठ्ठल ने कहा कि ओशो इस सदी ही नहीं शताब्दी के भी सतगुरु**

# हमारे लिए सबसे प्यारे वैलेंटाइन हैं ओशो




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। वैलेंटाइन डे प्रेम का प्रतीक है। हमारे लिए तो हमारे सबसे प्यारे वैलेंटाइन ओशो ही हैं। यह बात मुंबई से भेड़ाघाट स्थित ओशो होम आश्रम पहुंचे स्वामी विठ्ठल ने कही। उन्होंने बताया कि प्रख्यात लेखिका अमृता प्रीतम ने भी ओशो के लिए कहा है कि ओशो के आगमन से ये पृथ्वी, युग और सदी धन्यवान हुए हैं। स्वामी विठ्ठल ने आगे कहा कि ओशो एक विचारक मात्र नहीं हैं, वे इससे कहीं बढ़कर हैं। उन्होंने तो निर्विचार में ले जाने के लिए शब्दों का माध्यम चुना। ओशो का तो चिंतन मात्र से प्रारंभ होता है। वे एक सद्गुरु हैं, बल्कि वे सदगुरुओं के समूह के भी सदगुरु हैं। वे इस शताब्दी के भी सदगुरु हैं। हजारों वर्ष तक पृथ्वी प्रतीक्षा करती है, तब ऐसा चेतना का महापुरुष पृथ्वी पर अवतरित होता है। इस दौरान स्वामी श्रीला प्रेम पारस ने कहा कि लोग कहते हैं कि ओशो एक विचार हैं, मेरा मानना है कि जहां विचार खत्म होते हैं, वहां अध्यात्म शुरू होता है। ओशो निर्विचार व ऐसी शून्य अवस्था हैं जहां से प्रेम का असली उद्गम होता है। शून्य अवस्था में जाकर ही प्रेम की गहराई को आप महसूस कर सकते हैं। असली प्रेम तत्व को जानना है तो ओशो की शरण में आएं। उनके ध्यान में डूबे। मां रेबेका ने सभी को हैप्पी वेलेंटाइन डे विश करते हुए कहा कि वैलेंटाइन डे पर हमें कबीर - ओशो बोलना चाहिए। कबीर और ओशो दोनों ने ही प्रेम को बड़ी खूबसूरती से परिभाषित किया है।

# पीएनबी एमएसएमई आउटरीच का सफलतापूर्वक समापन




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पीएनबी मंडल कार्यालय जबलपुर द्वारा 13 फरवरी 2025 को पं. रविशंकर शुक्ल राइट टाउन स्टेडियम जबलपुर में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उघमियों के लिए आउटरीच कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया, आउटरीच कार्यक्रम में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उधोंगों में भागीदारी करने वाले व्यवसायियों और नव उघोग स्थापित करने के इच्छुक युवाओं को ऋण सुविधाओं और लाभकारी स्कीम्स की जानकारी दी गयी, पीएनबी ऋण विशेषज्ञ अधिकारियों से तत्काल परामर्श उपलब्ध कराया गया एंव आकर्षक ब्याज दरों पर एमएसएमई ऋणों के लिए तत्काल सैद्धांतिक मंजूरी दी गयी । बैंक के प्रधान कार्यालय के महाप्रबंधक श्री सुमेश कुमार एंव मंडल प्रमुख श्री अशवनी कुमार ने जबलपुर संभाग के उघोगपतियों और व्यवसायियों को पंजाब नेशनल बैंक की शानदार व्यापार ऋण सेवाओं की जानकारी दी। शहर के सम्मानित उघोगपतियों और व्यवसायियों ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और पंजाब नेशनल बैंक की इस आउटरीच पहल का स्वागत किया एवं विचार साझा किये। जिला उघोग केन्द्र के महाप्रबंधक श्री विनीत रजक की उपस्थिति में व्यवसायियों को तत्काल ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किये गये।




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना बरेला में ओमप्रकाश पटैल उम्र 56 वर्ष निवासी पटैल मोहल्ला आमनपुर मदनमहल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि किसानी का काम करता है आज अपने परिचित के अभिषेक तिवारी और आकाश दुबे के साथ ग्राम धनपुरी सिकमी में खेत लेने के लिये खेत देखने गया था खेत देख कर दोपहर लगभग 2-30 बजे वापस आ रहे थे अभिषेक तिवारी और आकाश दुबे एक्टिवा में आ रहे थे अभिषेक एक्टिवा चला रहा था वह अपनी मोटर सायकल में था हम लोग गाडरखेड़ा मोड़ के पास पहॅचे तभी मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एन एफ3149 का चालक धनपुरी तरफसे तेज गति लापरवाही पूर्वक

# सेंट्रल बैंक के बाहर दिनदहाड़े वारदात, बैंक से बाहर रकम लूटकर भागे लुटेरे

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर के शहपुरा स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की बरम बाबा शाखा से रुपए निकालकर घर जा रहे युवक को लुटेरों ने बैंक के बाहर ही लूट लिया. बैंक के बाहर दिनदहाड़े हुई लूट की वारदात से पूरे क्षेत्र में सनसनी मच गई. पीड़ित युवक सहित आसपास के लोगों ने लुटेरे को पकडऩे का प्रयास किया, लेकिन लुटेरा भीड़ का फायदा उठाकर रफूचक्कर हो गया.

सूचना पर मौके पर पहुंची शहपुरा पुलिस ने बैंक सहित घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले हैं. फुटेज में लूट करने वाला आरोपी दिख रहा है. फुटेज के आधार पर आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास पुलिस कर रही है. पुलिस की प्राथमिक पूछताछ में पीड़ित अभिषेक बर्मन निवासी कुलोन ने




बताया कि वह दोपहर करीब 1 बजे शहपुरा भिटोनी बरमबाबा स्थित इंडियन बैंक में रुपए निकालने के लिए गया था. इंडियन बैंक के अंदर एक अज्ञात युवक मिला और बोला कि मैं रकम आहरित करने वाला फार्म भर देता हूं. अज्ञात युवक से फॉर्म भराने के काउंटर पर गया, तो कैशियर ने बताया कि आपके खाते में रकम नहीं है.

चर्चा में उक्त युवक ने पूछा कि क्या हुआ, तो बताया कि इस बैंक खाते में रकम नहीं है. सेंट्रल बैंक के खाते से रुपए निकाल लूंगा. अभिषेक बर्मन का कहना है कि वह चंद मिनट के बाद सेंट्रल बैंक पहुंचा और खाते से 10 हजार रूपए का आहरण किया. रकम मिलने के बाद वह नोट गिनते हुए बैंक के बाहर आया, तभी इंडियन बैंक में मिला युवक हाथ से रकम छीनकर भाग गया. लूट करने वाला इंडियन बैंक से ही वारदात को अंजाम देने के लिए रैकी कर रहा था. पुलिस ने दोनों बैंकों के बाहर लगे कैमरों के फुटेज खंगाले निकाले हैं.

**पुराने लुटेरों का खंगाला रिकार्ड**

वारदात के बाद सक्रिय हुई शहपुरा पुलिस ने क्षेत्र में छानबीन के बाद पुरानी लूट की वारदात को अंजाम देने वाले लुटेरों का रिकॉर्ड खंगाला है. पीड़ित अभिषेक ने पुलिस को बताया कि लुटेरे की उम्र करीब 32 से 35 साल के आसपास होगी.

**88 हजार की लूट करने वाले अब तक नहीं मिले**

1 फरवरी 2024 को शहपुरा सेंट्रल बैंक से रकम आहरित करने के बाद गंतव्य की ओर रवाना हुए दुग्ध सहकारी समिति नटवारा के सचिव जुगल किशोर पटेल के हाथ से रुपयों से भरा बैग छीनकर पल्सर सवार लुटेरे रफूचक्कर हो गए थे. बुजुर्ग सचिव ने शहपुरा पुलिस को बताया था कि बैग में दुग्ध संघ की पेमेंट के 88 हजार रुपए रखे हुए थे. एक साल बीत जाने के बाद भी शहपुरा पुलिस बाइक सवार लुटेरों तक नहीं पहुंच सकी है.

# सील की गई दुकान की खिड़की से घुसकर दस्तावेज निकालकर ले गया दुकान मालिक



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर स्थित घमापुर क्षेत्र में फर्जी आय व जाति प्रमाण पत्र बनाने वाली दुकान को जिला प्रशासन के अधिकारियों ने सील कर दिया था. प्रशासन द्वारा सील की गई दुकान की खिड़की से घुसकर दुकान का मालिक जुबेर मलिक मंसूरी सारे दस्तावेज लेकर भाग गया. इस बात की खबर मिलने पर जुबेर के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है. पुलिस अधिकारियों के अनुसार घमापुर में स्थानीय लोगों की शिकायत पर जबलपुर कलेक्टर दीपक कुमार सक्सेना के निर्देश पर प्रशासनिक अधिकारियों ने 6 फरवरी को पुलिस के साथ मिलकर घमापुर चौक स्थित मलिक एसोसिएट्स शॉप पर छापा मारा. जहां पर जांच के दौरान भारी मात्रा में मूल निवासी-जाति प्रमाण पत्र जैसे फर्जी दस्तावेज जब्त किए गए. एडीएम रांझी व आधारताल ने संयुक्त रूप से कार्यवाही की. छापेमारी के दौरान एसोसिएट का मालिक मौके पर नहीं मिला. इसके बाद दस्तावेजों को दुकान में ही रखकर दुकान को सील कर दिया गया. 9 फरवरी को 9 फरवरी को घमापुर निवासी दुकान का मालिक जुबेर मलिक मंसूरी प्रशासन द्वारा सील की गई दुकान पर पहुंचा और चोरी-छिपे खिड़की से अंदर घुसकर जब्त किए गए दस्तावेजों को लेकर फरार हो गया. जानकारी मिलते ही एसडीएम रांझी-आधारताल तहसीलदार मौके पर पहुंचे और देखा कि दुकान के पीछे की खिड़की से अंदर घुसकर दस्तावेज निकाले गए हैं. इसके बाद एसडीएम ने कलेक्टर को घटना की जानकारी दी. जिसके आधार पर दुकान संचालक के खिलाफ बेलबाग थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई. पुलिस ने बताया कि जल्द ही दुकान मालिक और उसके कर्मचारी को गिरफ्तार किया जाएगा.

# एसडीएम के खिलाफ शिकायत करने वाले की जला दी कार

**किसान ने पुलिस से की शिकायत; धान-भंडारण केस को निपटाने मांगे थे 3 लाख रुपए**




**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर के संजीवनी नगर में देर रात एक किसान की कार में अज्ञात लोगों ने आग लगा दी। किसान का आरोप है कि साजिश के तहत उसकी कार में आग लगाई गई है। दरअसल, 18 दिसंबर को जबलपुर लोकायुक्त पुलिस ने किसान की शिकायत पर शहपुरा एसडीएम के ड्राइवर को डेढ़ लाख रुपए के साथ पकड़ा था।

## वाहनों में अवैध रुप से घरेलू गैस सिलेण्डर से रिफ लिंग करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना प्रभारी मदनमहल श्री प्रवीण धुर्वे ने बताया कि रात्रि में मुखबिर से सूचना मिली कि शराब दुकान के पास एक टीन की टपरिया लिंक रोड में एक व्यक्ति अवैध रूप से गैस सिलेण्डर से आटो मे गैस रिफलिंग कर रहा है सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई मौके पर चिरंजीत माईकी उम्र 38 वर्ष निवासी रायल अस्पताल के पीछे कछपुरा मदनमहल का टपरिया मे घरेलू गैस सिलेण्डर रेग्युलटर ,तौल कांटा एवं कम्प्रेशर मशीन में पाईप तथा रेग्युलेटर एवं नोजल लगा हुआ रखे मिला जिन्हें जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध धारा 287 बीएनएस तथा 3, 7 ईसी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। उल्लेखनीय भूमिका' - आरोपी को पकडने में उप निरीक्षक केएन राय, प्रधान आरक्षक के.के. श्रीवास, आरक्षक बलराम, अभिषेक की सराहनीय भूमिका रही।

# रील बनाने नाबालिग को जमीन पर पटककर पीटा, सिगरेट का धुआं मुंह पर उड़ाया, सोशल मीडिया पर वायरल किया

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर में सनसनीखेज मामला सामने आया है. यहां पर कुछ नाबालिगों ने मिलकर एक नाबालिग को जमीन पर पटककर बुरी पीटा और सिगरेट का धुआं मुंह पर उड़ाते हुए रील बनाई. फिर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया. उक्त वीडियो जब नाबालिग के परिजनों ने देखा तो गोहलपुर थाना पहुंचकर शिकायत की, जिसपर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर नाबालिगों की तलाश शुरु कर दी है.



पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शांति नगर गोहलपुर में रहने वाला नाबालिग सौरभ (परिवर्तित नाम) उम्र 17 वर्ष स्कूल में अध्ययनरत है. 24 जनवरी को घर से बाजार जाने निकला. इस दौरान पड़ोस में रहने वाले 5-6 नाबालिगों ने पकड़ लिया और सूनसान सड़क पर ले गए. जहां पर सौरभ को जमीन पर पटककर लात-घूसे व चप्पल से बुरी तरह पीटते हुए हंसते रहे. यहां पर उसके मुंह पर सिगरेट का धुआं छोड़ते रहे. एक नाबालिग वीडियो बनाता रहा. इस बीच सौरभ ने शोर मचाया तो मुंह दबा दिया. 15 मिनट तक मारपीट किए जाने के बाद कहा कि आज की मुलाकात हमेशा याद रखना और किसी से कुछ भी कहा तो जान से मार दिया जाएगा. मारपीट करने वाले लड़के भी दसवीं से 12वीं कक्षा में पढऩे वाले रहे. इस घटनाक्रम से घबराए सौरभ ने किसी को कुछ भी नहीं बताया.

बीते दिन 12 फरवरी को जब सौरभ स्कूल पहुंचा तो क्लास में उसके वीडियों को लेकर अन्य छात्रों के बीच चर्चा हो रही थी. एक दोस्त ने सौरभ को वीडियो दिखाया तो वह घबरा गया. घर पहुंचकर परिजनों को जानकारी दी, उस वक्त तक परिजनों को भी वीडियो देखने मिल गया था. सौरभ के पिता ने नाबालिगों के परिजनों से शिकायत की तो उन्होने यह कहते हुए बात को खत्म करने के लिए कहा कि ये तो मजाक-मस्ती रही. इधर सौरभ ने शर्मिन्दगी के कारण स्कूल न जाने की बात परिजनों से कही. उसका कहना था कि वीडियो सोशल मीडिया में रील बनाकर वायरल किया गया है, उसकी हंसी उड़ाई जा रही है.

जिसके चलते बीती रात ही सौरभ के पिता ने गोहलपुर थाना पहुंचकर पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि ऐसे लड़कों के खिलाफ कार्यवाही की जाए जो कि इंस्टाग्राम, फेसबुक में लाइक और व्यू पाने के लिए पहले मारपीट करते हैं और फिर उनकी वीडियो वायरल करते हैं. किशोर के पिता ने बताया कि जब से लड़के ने अपना पिटाई का वायरल वीडियो देखा है. तब से वह सदमे में है और वह स्कूल जाने से भी मना कर रहा है. पुलिस ने नाबालिगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जांच शुरु कर दी है.

**गढ़ा व ओमती में मामला दर्ज, आरोपियों की तलाश जारी**

# देर रात कार सवार बदमाशों ने की दो लूट

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** । रात बेखौफ होकर सड़क पर निकले कार सवार बदमाशों ने लूट की दो वारदातों को अंजाम दिया। लुटेरों ने पहली वारदात गढ़ा थाना क्षेत्र स्थित मेडिकल की मरचुरी के पास की फिर वहां से भागे और ओमती क्षेत्र में भंवरताल गार्डन के पास एक युवक को धमकाकर लूट की वारदात को अंजाम दिया। गढ़ा व ओमती पुलिस ने लूट का मामला दर्ज कर लुटेरों की पतासाजी के प्रयास शुरू किए। जानकारी के अनुसार धनवंतरी नगर निवासी अनुराग उपाध्याय ने गढ़ा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती रात वह त्रिपुरी चौक से धनवंतरी नगर जा रहा था। मेडिकल अस्पताल की मरचुरी के पास कार सवारों ने उसे रोका और धमकाते हुए उसकी मोपेड क्रमांक एमपी 20 एसएन 5809 लूट ली। वहां से भागे लुटेरे भंवरताल गार्डन स्थित कल्चरल स्ट्रीट के पास पहुंचे, वहां पर ओमती कृतिका अपार्टमेंट निवासी 21 वर्षीय शब्बीर अहमद को रोका और धमकाते हुए उसकी जेब से 5 सौ रुपये, मोबाइल व मोपेड क्रमांक एमपी 20 एसके 8205 लूटकर ले गये।


**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./02/कछपुरा 2024 एम./49 दिनांक 13.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री गुरूदेव सिंह, पिता- श्री राम सिंह** ने मकान नं. 2320, पिन. नं. 1000481568 **वार्ड रानी दुर्गावती वार्ड,** भूतल 476 व.फु., **शपथ पत्र, चुकतानामा,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-2 कछपुरा
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./02/कछपुरा 2024 एम./48 दिनांक 13.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती रेखा बाई रजक, पति श्री परम लाल रजक** ने मकान नं. 2484 सूपाताल, पिन. नं. 1000479173 **वार्ड रानी दुर्गावती वार्ड,** भूतल 238 व.फु., **शपथ पत्र, चुकतानामा,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-2 कछपुरा
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/674/ दिनांक 14.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **1.श्री शुभम पासी, पिता- स्व. श्री पुरूषोत्तम पासी, 2. श्री तिलकराज, 3. श्री त्रिलोक कुमार पासी, पिता- स्व. श्री मिट्ठू लाल** ने मकान नं. 607, 608 पिन नं.1000465505 **वार्ड पं. द्वारका प्रसाद मिश्र वार्ड ,** भूतल आर.सी.सी. 408 व.फु., कच्चा 208 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 607, 608 ओमकला मंदिर के पीछे, पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-09 लालमाटी
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/689/ दिनांक 14.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री विजय भुजवा, पिता- स्व. श्री सूरजदीन** ने मकान नं. 2450 पिन नं.1000467750 **वार्ड सिद्धबाबा वार्ड ,** भूतल सीमेंट टीन 650 व.फु., कच्चा 640 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, नोटरी विक्रयपत्र, खसरा, तह.आदेश** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 2450 प्रेम सागर मरघटाई रोड, पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-09 लालमाटी
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/688/ दिनांक 14.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री कैलाश प्रसाद, पिता- मुन्नी लाल** ने मकान नं. 2529 पिन नं.1000482928 **वार्ड सिद्धबाबा वार्ड ,** भूतल आर.सी.सी. 476 व.फु., सीमेंट टीन 280 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, बैनामा** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 2529 छोटी खेरमाई मंदिर के पास, पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-09 लालमाटी
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/687/ दिनांक 14.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री महेश मौर्य, पिता- स्व. श्री जगमोहन सिंह मौर्य** ने मकान नं. 5169/18/क, नया 2718/1 पिन नं.1000458614 **वार्ड सेठ गोविन्द दास वार्ड ,** भूतल सीमेंट टीन 526 व.फु., **मृत्यु प्रमाण पत्र, बटवारानामा** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 5169/18/क, नया 2718/1 पानी की टंकी के पास, पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-09 लालमाटी
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/672/ दिनांक 14.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री विमल कुमार रजक, पिता- लोचन प्रसाद रजक** ने मकान नं. 393/ए पिन नं.1000464463 **वार्ड पं. द्वारका प्रसाद मिश्र वार्ड ,** भूतल आर.सी.सी. 600 व.फु., प्रथमतल आर.सी.सी. 338 व.फु., **शपथपत्र, व्यवस्थापत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 393/ए शुक्ला होटल के पास, पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-09 लालमाटी
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/673/ दिनांक 14.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री विमल कुमार रजक, पिता- लोचन प्रसाद रजक** ने मकान नं. 394/बी पिन नं.1000465317 **वार्ड पं. द्वारका प्रसाद मिश्र वार्ड ,** भूतल आर.सी.सी. 600 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, व्यवस्थापत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 394/बी शुक्ला होटल के पास, पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-09 लालमाटी
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/686/ दिनांक 14.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री रमेश कोरी, पिता- हरीराम कोरी** ने मकान नं. 1744/1 पिन नं.1000483850 **वार्ड सिद्धबाबा वार्ड ,** भूतल आर.सी.सी. 520 व.फु., प्रथमतल सीमेंट टीन 500 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, सहमति पत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 1744/1 आशा चक्की के पास, गोपाल होटल, पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-09 लालमाटी
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/685/ दिनांक 14.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती उमा देवी, पति- सूरज** ने मकान नं. 1744 पिन नं.1000483850 **वार्ड सिद्धबाबा वार्ड ,** भूतल आर.सी.सी. 612 व.फु., सीमेंट टीन 140 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, सहमति पत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 1744 आशा चक्की के पास, गोपाल होटल, पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-09 लालमाटी
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/684/ दिनांक 14.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री सुबोध श्रीवास्तव, पिता- स्व. श्री सत्यनारायण श्रीवास्तव** ने मकान नं. 1649 पिन नं.1000474331 **वार्ड सेठ गोविन्द दास वार्ड ,** भूतल आर.सी.सी. 900 व.फु., **मृत्यु प्रमाण पत्र, खसरा ,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 1649 लालमाटी चांदमारी तलैया रोड पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-09 लालमाटी
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/683/ दिनांक 14.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती प्रीति श्रीवास्तव, पति-संजीव श्रीवास्त** ने मकान नं. 5287/2 पिन नं.1000459131 **वार्ड सेठ गोविन्द दास वार्ड ,** भूतल आर.सी.सी. 676 व.फु., सीमेंट टीन 338 व.फु., प्रथमतल सीमेंट टीन 338 व.फु., **शपथपत्र, ,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 5287/2 चांदमारी तलैया पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-09 लालमाटी
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/682/ दिनांक 14.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री संतलाल काछी ( कनौजिया ), पिता- स्व. श्री रामसेवक काछी ( कनौजिया ),** ने मकान नं. 3060 पिन नं.1000457336 **वार्ड सेठ गोविन्द दास वार्ड ,** भूतल आर.सी.सी. 1100 व.फु., प्रथमतल आर.सी.सी. 860 व.फु. , **शपथपत्र, पारिवारिक व्यवस्थानाम ,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 3060 त्रिमूर्ति दरबार मंदिर के पास पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-09 लालमाटी
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/681/ दिनांक 14.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री नवीन प्रसाद काछी ( कनौजिया ), पिता- स्व. श्री रामसेवक काछी ( कनौजिया ),** ने मकान नं. 3060 पिन नं.1000457336 **वार्ड सेठ गोविन्द दास वार्ड ,** भूतल आर.सी.सी. 1296 व.फु., प्रथमतल आर.सी.सी. 1296 व.फु. , **शपथपत्र, पारिवारिक व्यवस्थानामा ,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 3060 त्रिमूर्ति दरबार मंदिर के पास पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-09 लालमाटी
नगर निगम जबलपुर



स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णाकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुआं जबलपुर से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999